राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार

जयपुर, बुधवार, 2 अप्रैल, 2025

राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346
9828467603

दैनिक | वर्ष : 12 | अंक: 311 | प्रातः कालीन | मूल्यः 3.00 रुपए | पृष्ठः 8 | hamarasamachar02@gmail.com

**सुविचार**

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है
वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

# ‘राजहंस’ के फर्जीवाड़ों की है लंबी फेहरिस्त.. ठग सोसायटी पर लगाम जरूरी; बड़ा खुलासा!

## राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा ने अपने कार्यक्षेत्र के बाहर काट दी दर्जनों कॉलोनियां

हमारा समाचार

**जयपुर।** गृह निर्माण सोसायटियों द्वारा बैक डेट में पट्टे देना जैसे घपले तो आम बात है लेकिन आज एक ऐसी सोसायटी की बात हो रही है जिसने हर घोटाले की हद पार दी है। इस सोसायटी का नाम है जयपुर ग्रामीण की राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा। कहने को तो इस सोसायटी का कार्यक्षेत्र फुलेरा नगर पालिका तक सीमित है लेकिन इस सोसायटी ने हर नियम को तांक पर रखते हुए राजधानी के कई क्षेत्रों में अपना जाल फैला रखा है। अपनी इन धांधलियों को छिपाने के लिए इस राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा ऑडिट ही नहीं करवाई जाती जो कि खुद अपने आप में बड़ा फजीर्वाड़ा है। आरोपों के अनुसार अब तक इस सोसायटी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र से बाहर दर्जनों कॉलोनियां काट दी गई और 2014-16 के बाद से कोई ऑडिट भी नहीं करवाई गई है। सोसायटी द्वारा धांधली कर काटी गई इन कॉलोनियों में ना तो कोई सुविधा ही मयस्सर होती है बल्कि अपने खून पसीने से कमाए रुपयों को निवेश कर आशियाने का सपना संजोने वाले निर्दोषों के सपनों को भी यह सोसायटी चकनाचूर कर रही है। अब इस बाबत सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण के उप रजिस्ट्रार को शिकायत दर्ज करवाई गई है और इस सोसायटी पर तुरंत कार्रवाई की मांग की गई है। आरोपों के अनुसार राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा संशोधित उपनियमों की धारा (सी) का उल्लंघन करते हुए निजी खातेदारों से भूमि क्रय कर जेडीए सीमा क्षेत्र में अवैध तरीके से कई कॉलोनियों को विकसित कर बेचा गया है। यह खेल निरंतर अब तक जारी है।

### कार्यक्षेत्र सिर्फ फुलेरा नगर पालिका लेकिन राजधानी के कोने-कोने पर धोखाधड़ी

**हर नियम को तांक पर रखा**

**आशियाने का सपना संजोए निर्दोषों के साथ हो रहा खिलवाड़**

**बीते कई सालों से ऑडिट तक नहीं**

**2014-16 के ऑडिट में बताई सिर्फ एक योजना**


फाइल फोटो




### पिछली ऑडिट में बताई सिर्फ एक आवासीय योजना, जमीनी हकीकत कह रही कुछ और

2014-2016 में हुई आखिरी ऑडिट में पाया गया गया कि सोसायटी द्वारा वर्ष 1988 से 2016 के बीच महज आवासीय योजपा दादू नगर फुलेरा का सृजन किया गया है। जबकि अगर जमीनी हकीकत देखी जाए तो राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा दर्जनों कॉलोनियों को काट कर ग्राहकों के साथ धोखा किया गया है। हमारा समाचार ने राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा सृजित चंद कॉलोनियों का इस अंक में खुलासा किया है लेकिन इसके अलावा भी फजीर्वाड़ों की लंबी फेहरिस्त है। अब मांग उठ रही है कि सोसायटी का रिकॉर्ड जब्त कर सासायटी एवं वर्तमान पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### यूडीएच मंत्री कर चुके हैं ऐसी समितियों पर अंकुश के लिए नए सहकारिता अधिनियम का ऐलान

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने हाल ही में विधानसभा में कहा कि नए सहकारिता अधिनियम में गृह निर्माण सहकारी समितियों पर अंकुश के लिए विशेष प्रावधान किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नया सहकारिता अधिनियम बनाया जाना प्रक्रियाधीन है। इस अधिनियम में गृह निर्माण सहकारी समितियों पर अंकुश के लिए विशेष प्रावधान किये जाएंगे ताकि निजी ‘कॉलोनाइजरों’ द्वारा की जाने वाली अनियमितताओं को रोका जा सके। खर्रा ने कहा कि निजी क्षेत्र में विकसित की जाने वाली कॉलोनियां स्थानीय निकाय से अनुमोदन के बिना ही बना कर दी जाती हैं। इनमें आवश्यक सुविधाएं भी नहीं होती, जिसका नुकसान आमजन को उठाना पड़ता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नवीन सहकारिता अधिनियम में गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा विकसित की जाने वाली कॉलोनियों में समस्त आवश्यक सुविधाएं विकसित किया जाना अनिवार्य होगा तथा नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्यवाही के प्रावधान होंगे।

### राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा काटी गई फर्जी कॉलोनियों की झलक

राजहंस गृह निर्माण सोसायटी लि. फुलेरा द्वारा नियम विरुद्ध काटी गई कॉलोनियों की बात करें तो इनमें अमन बाग कालवाड़, आजाद नगर तृतीय कालवाड़, प्रताप नगर कालवाड़, मनु वाटिका कालवाड़, ईश्वर नगर विस्तार कालवाड़, ईश्वर नगर प्रथम कालवाड़, निर्माण नगर कालवाड़, शुभम बाग मालीवाड़ा कालवाड़, हिंद वाटिका कालवाड़, ईश्वर नगर तृतीय कालवाड़, हरि नगर मांचवा, नारायण नगर चंपापुरा, संभव एन्क्लेव जाहोता, शिवांचल एन्क्लेव भम्भोरी, बजरंग वाटिका माज्या मोड़ धानक्या, शिवांचल एन्क्लेव भम्भौरी, श्री श्याम विहार सांचोती, गोपाल एन्क्लेव हाथोज शामिल है। इनके अलावा निवारू, बोयतावाला, नांगल जैसा बोहरा, खोरा बीसल, बिंदायका, सिंवार, निमेड़ा, सांझरिया, दहमीकलां, बगरू, कपूरावाला, मुकंदपुरा, बैनाड़, मंशारामपुरा, सिरसी, आगरा रोड पर कई कॉलोनियों को काटकर बेचा जा रहा है।

### कार्यक्षेत्र नगर पालिका फुलेरा तक सीमित धांधली छिपाने के लिए ऑडिट से परहेज

सोसायटी द्वारा वर्षवार ऑडिट करवाकर उप नियम धारा 14 के अनुसार प्रतिवर्ष 31 मार्च को संस्था के सदस्यों की सूची तैयार कर आमसभा को संप्रेषित की जानी चाहिए थी। जबकि उक्त सोसायटी द्वारा वर्ष 2014 से वर्ष 2016 के बाद आज तक ऑडिट नहीं करवाई गई है, जो कि सरासर गलत है। जबकि उक्त कॉलोनियां राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यक्षेत्र में नहीं आती है। वर्तमान में समिति सिर्फ नगर पालिका फुलेरा तक सीमित है। सोयायटी द्वारा नियम एवं उपनियमों के विरुद्ध जाकर काम किया जा रहा है, जो गलत है। इतना ही नहीं बल्कि इस सोसायटी द्वारा इसके अलावा भी कई बड़े फजीर्वाड़ों को अंजाम दिया गया है जिनका खुलासा ‘हमारा समाचार’ आगामी अंकों में करने जा रहा है।

# संसद में पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, सरकार दे रही चर्चा पर जोर

### विपक्ष कर सकता है वॉकआउट



हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक और संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू को भरोसा है कि दो अप्रैल को 12 बजे संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होगा और सदन में पारित होगा। किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार बिल के मसौदे पर व्यापक चर्चा चाहती है। हालांकि उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा से बचने के लिए वॉकआउट का सहारा ले रहा है। वक्फ बिल को सदन में पेश किए जाने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने खेमेबंदी के साथ साथ रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। भाजपा ने अपने सांसदों को अगले तीन दिन तक सदन में मौजूद रहने की हिदायत देते हुए व्हिप जारी किया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने भी व्हिप जारी किया है। रिजिजू कहते हैं कि विपक्ष का मकसद केवल हंगामा करना है। वह चर्चा में हिस्सा लेने से भाग रहे हैं। वक्फ बिल पर चर्चा के लिए लोकसभा में आठ घंटे का समय प्रस्तावित है। लोकसभा की सुबह हुई बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (कार्य मंत्रणा समिति) की बैठक के दौरान विपक्ष ने चर्चा का समय बढ़ाने की मांग की थी। पहले सरकार इस पर छह घंटे की चर्चा की मांग चाहती थी, जबकि विपक्ष 12 घंटे की चर्चा चाहता था। विपक्ष इस बैठक में अपना पक्ष रखा और इसके बाद बिजनेस एडवाइजरी कमेटी से वॉकआउट कर गया। रिजिजू ने इस पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि चर्चा के लिए कुछ नहीं है तो बहाना न बनाइए। लोकसभा से पारित होने के बाद यह विधेयक राज्यसभा में आएगा। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री का कहना है कि सरकार बिल पर चर्चा चाहती है। इसलिए जरूरत पड़ने पर संसद के सत्र को आगे बढ़ाया जाएगा। रिजिजू के मुताबिक लोकसभा में चर्चा के बाद राज्यसभा में भी व्यापक चर्चा के लिए समय चाहिए।

# कार बनी आग का गोला, कार सवार लोगों ने कूद कर बचाई जान

हमारा समाचार

**जयपुर।** शहर के जयपुर-फलोदी मेगा हाईवे पर देर रात एक बीएमडब्ल्यू कार में अचानक आग लग गई, जहां देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई. कार में सवार तीन लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई. दरअसल जयपुर फलोदी मेगा हाईवे पर सिनोदिया में पुलिया पर बीती रात करीब 2 बजे एक बीएमडब्ल्यू कार में अचानक आग लगने से बड़ा हादसा टल गया. कार में सवार तीन युवक सोहन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह व अन्य साथी देर रात अपनी कार से नागौर से जयपुर जा रहे थे. की मेगा हाईवे पर स्थित सिनोदिया गांव में बनी पुलिया पर कार में अचानक आग की लपटें उठने लगी. देखते ही देखते पूरी कार आग में जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई. मौके पर मूंडवाडा पुलिस चौकी से चौकी प्रभारी बेन्नाराम चौधरी और फुलेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया. वहीं पुलिस ने कार में सवार युवकों को सकुशल उनके घर पहुंचाया. मौके पर पहुंची दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# राजस्थान के कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी, सीएम ने दी मंजूरी

हमारा समाचार



**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राज्य सरकार की ओर से एक खुशखबरी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी। अब राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर्स को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, जो एक जनवरी 2025 से लागू होगा। यह कदम केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए और महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। इस फैसले से राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों और 4.40 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा। इसके अलावा, पंचायत समिति और जिला परिषद कर्मचारियों को भी यह बढ़ा हुआ भत्ता मिलेगा। कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल 2025 के वेतन के साथ मिलेगा, जो मई 2025 में देय होगा। जनवरी से मार्च 2025 तक के तीन महीने के बकाया को कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। राज्य सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों को महंगाई से राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडया के जरिए कहा कि, 'नव वर्ष विक्रम संवत (2082) एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के विशेष उपलक्ष्य पर हमारी सरकार ने सातवें वेतनमान के तहत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। हमारी सरकार राज्य के समस्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में सतत सुधार हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पुलिसवाले के बेटे ने सरकार को लगाई लाखों की चपत

### मरे पिता को जिंदा बताकर सालों से लेता रहा पेंशन




हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान में पेंशन को लेकर बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है. यहां पर एक बेटा अपने पिता की मौत के बाद फर्जी तरीके से उनकी पेंशन लेता रहा है. पेंशन को लेकर फजीर्वाड़ा कोई एक दो महीने नहीं चला, बल्कि 3 साल तक बेटे का फजीर्वाड़ा जारी रहा. इस तरह से युवक ने अपने पिता की मौत के बाद भी उनके नाम पर पेंशन लेकर सरकार को लाखों रुपये की चपत लगा दी. बाद में फजीर्वाड़े का खुलासा उस समय हुआ, जब आरोपी युवक के ही गांव के एक लोग ने पुलिस को शिकायत दी. पुलिस ने आरोप प्रमाणित होने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रदीप ने अपने मृत पिता का साइन करके तीन साल में 3 फर्जी जीवित प्रमाण जमा किया. पहला जीवित प्रमाण एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को विश्वास में लेकर सत्यापित करवा लिया।

### पिता का बनवाया जीवित प्रमाण पत्र

जानकारी के मुताबिक, हरियाणा के महेंद्रगढ़ में नारनौल सदर थाने के कुलताजपुर के रहने वाले भगवान सिंह राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद से रिटायर हुए थे. इसके बाद 24 सितंबर 2021 को भगवान सिंह का निधन हो गया. हालांकि, उनके बेटे प्रदीप ने फर्जी तरीके से अपने पिता का जीवित प्रमाण पत्र बनाया और बैंक व बुहाना कोष कार्यालय में देकर भगवान सिंह के नाम पेंशन लेता रहा। मरे हुए बाप के नाम पर पेंशन लेना का खेल बेटे ने 3 साल तक जारी रखा. पुलिस ने बताया कि राजस्थान पुलिस में रहे भगवान सिंह के बेटे प्रदीप ने तीन सालों में 8 लाख 20 हजार 738 रुपये की पेंशन ले ली. इस फजीर्वाड़े की शिकायत उसी के गांव के राहुल ने पुलिस को दी।

# पीएम पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान- मैं योगी हूं

### हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

हमारा समाचार



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं। पीटीआई को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चचाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चचाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चचाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे। हमारी संस्कृति में जब तक पिता जीवित होता है उत्तराधिकारी की बात नहीं की जाती है।

### केंद्रीय नेतृत्व की वजह से हूं सीएम

केंद्रीय नेतृत्व से मतभेद होने से जुड़े सवाल को खारिज करते हुए योगी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के साथ मेरा कोई मतभेद नहीं है। मतभेद होता तो मैं यहां नहीं बैठा होता। मैं खुद को विशेष भी नहीं मानता हूं। योगी ने हैरानी जताते हुए कहा कि पता नहीं मतभेद होने की बात कहां से आ जाती है। पार्टी के कारण ही मैं यहां बैठा हूं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्रीय नेताओं के साथ मतभेद करके मैं यहां बैठा रह सकता हूं?



हमारा समाचार

जयपुर सिटी समाचार



# महापुरुषों का जीवन परिचय, उनकी वाणी हिंदी पाठ पुस्तको में शामिल होः संत मोनूराम महाराज

हमारा समाचार

**जयपुर।** विक्रम संवत नव संवसर २०८३ ,चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष चेटीचंड पर्व का सभी हिंदू सनातनियों द्वारा जोश एवं उमंग के साथ स्वागत किया गया। घर घर भगवा झंडे लगाए गए। सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव चेटीचंड का महापर्व जयपुर महानगर में बड़े धूम धाम से मनाया गया। आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में प्रातःकाल 6.30 बजे एवं साय 6.00 बजे भगवान झूलेलाल साईं जी की विधिवत पूजा, अर्चना कर मीठे चावल और छोलो का भोग लगाया गया ! पूज्य संत मोनूराम महाराज, स्वामी मनोहर लाल जी महाराज, संत गुरुदास, संत हरीश कुमार, द्वारा




भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलन कर विश्व शांति के कल्याण हेतु पल्लव प्रार्थना की गई। चेटीचंड कार्यक्रम की कड़ी में प्रातः 10 बजे पूज्य झूलेलाल मंदिर, सेक्टर 5 जवाहर नगर में ध्वज वंदना, भगवान झूलेलाल साईं का फलों से अभिषेक, आरती, माता की स्थापना आदि का आयोजन किया, तत्पश्चात 11 बजे 22 गोदाम, स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर में चेटीचंड उत्सव के उपलक्ष में पूज्य संत मोनूराम महाराज द्वारा, ध्वज वंदना पूजन, ज्योति प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भजन संकीर्तन हुआ ! कार्यक्रम की श्रृंखला में मानसरोवर अग्रवाल फार्म में झूलेलाल चौक में भगवान झूलेलाल साईं की दिव्य मूर्ति का अनावरण पूज्य संत मोनूराम महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उप महापौर पुनीत कर्णावत, स्थानीय पार्षद एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति



उपस्थित रहे। संतो ने मंच के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को कहा कि सिंध के महान संत 1008 आचार्य सदगुरु स्वामी टेऊराम महाराज का जीवन परिचय, उनकी की वाणी (दोहे,पद, छंद, श्लोक, भजन) आदि हिन्दी पाठ्य पुस्तक में शामिल की जाएं , जिससे बच्चों को संतो की वाणी उनके ज्ञान वर्धक उपदेश मिल सके, साथ ही साथ सिंधी समाज का महा पर्व चेटीचंड पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने हो ! विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने भी संतो की बात का समर्थन किया एवं आश्वासन दिया कि हम सब मिलकर कोशिश करेंगे !! जिससे संत टेऊंराम जी महाराज की वाणी एवं जीवन परिचय पाठ्य पुस्तकों के शामिल हो जाए। दिनभर भगवान झूलेलाल मंदिर में भक्तों का दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। सभी ने एक दूसरे को आयो लाल झूले लाल कहकर बधाईयां दी।

# रावत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी का किया गया आयोजन

हमारा समाचार

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के अन्तर्गत संचालित रावत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में आज विगनर्स बैश एण्ड बॉन वॉयज बैश थीम पर ओथ सैरेमनी एवं फ्रेशर व फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन बी.एस. रावत, डायरेक्टर हेमेन्द्र सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह रावत एवं डॉ. कल्पना रावत, मुख्य अतिथि विकास सोमनी , मधुसुदन दाधिच (स्कील डवलपमेन्ट विशेषज्ञ) तथा संस्था प्रधान भूपेन्द्र जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्थान चेयरमैन बी.एस. रावत व मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र/छात्राओं के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी तथा समाज में सेवाभाव का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत नवआगन्तुकों द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा



विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। नर्सिंग विभाग में मिस फ्रेशर सानिया चौधरी व मिस्टर फ्रेशर निशान्त शर्मा, पैरामेडिकल विभाग में मिस फ्रेशर पायल कुमावत व मिस्टर फ्रेशर यश सैन रहे। साथ ही मिस फेयरवेल साक्षी थापा तथा मिस्टर फेयरवेल विकास शर्मा को चुना गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्था प्रधान द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जल भवन स्थित सत्यम शिवम सुंदरम देवालय में 71वां यज्ञ सम्पन्न



हमारा समाचार

**जयपुर।** जल भवन स्थित सत्यम शिवम सुंदरम् देवालय में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के सानिध्य में देवों के देव महादेव एवं संकटमोचन हनुमान जी को समर्पित यज्ञों की शृंखला जारी है। इस शृंखला का 71वां पवित्र यज्ञ इस मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कर्मचारी संघ अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने बताया कि इन यज्ञों का उद्देश्य प्रदेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना, खुशहाली लाना और समाज में सकारात्मकता फैलाना है। उन्होंने कहा, ह्लधर्म और आध्यात्मिकता के माध्यम से न केवल समाज में सकारात्मकता का प्रसार होता है, बल्कि यह हमारे संस्थानों और कार्यक्षेत्र में सामूहिक विकास का आधार भी बनता है ।ह्व यह विशेष यज्ञ देवालय में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उनके भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ, जो देवालय के आध्यात्मिक प्रयासों को और भी सशक्त बनाता है।

# आईआईएस यूनिवर्सिटी में विदाई समारोह आशीर्वाद 2025 आज

हमारा समाचार

**जयपुर।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर अपने विद्यार्थियों के लिए एक अनमोल यादगार शाम का आयोजन करने जा रहा है- आशीर्वाद 2025। यह सिर्फ एक विदाई समारोह नहीं, बल्कि बीते वर्षों की भावनाओं, दोस्ती और यादों का उत्सव होगा। 2 अप्रैल 2025 को, यूनिवर्सिटी लॉन्स में, यह सांस्कृतिक संध्या रंगीन पलों से सराबोर होगी। आईआईएस यूनिवर्सिटी हमेशा अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और आत्मनिर्भरता का उपहार देता आया है। आशीर्वाद 2025 के साथ, हम अपने स्नातक होने वाले विद्यार्थियों को एक नई उड़ान के लिए शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम में आईआईएसयू थिएट्रिकल सोसाइटी द्वारा स्किट, फोक डांस, फ्यूजन डांस, सर्टिफिकेट वितरण आदि भी किए जाएंगे, जो इस शाम को और भी मनोरंजक व यादगार बनाएंगे। तो तैयार हो जाइए इस भावुक लेकिन खुशनुमा शाम का हिस्सा बनने के लिए, जहां हंसी, संगीत और ढेर सारी यादें संजोने के लिए तैयार हैं।

# एक्सिस बैंक ने एनबीबीएल के भारत कनेक्ट पर फॉर्च्यून 500 कंपनी के साथ की साझेदारी




हमारा समाचार

**जयपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने घोषणा की कि उसने एनबीबीएल के भारत कनेक्ट (पूर्व में बीबीपीएस) का उपयोग करके बी2बी कलेक्शन प्रदान करने के लिए भारत में फॉर्च्यून 500 कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस कदम के साथ, एक्सिस बैंक इस अत्यंत महत्वपूर्ण समाधान को लागू करने वाला पहला बैंक बन गया है, जो अपनी अत्याधुनिक, मजबूत एपीआई स्टैक का उपयोग कर रहा है। यह समाधान एफएमसीजी, फार्मा, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के मल्टीपल ऑर्डरिंग एप्लिकेशन को एकीकृत कर सकता है, जिससे कंपनी के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स और स्टॉकिस्ट्स के लिए कलेक्शन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इस सुविधा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव और हेड - ट्रेजरी, मार्केट्स और होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स, नीरज गंभीर ने कहा, एक्सिस बैंक अपने ग्राहकों के लिए अग्रणी डिजिटल भुगतान और संग्रह शुरू करने में सबसे आगे रहा है। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) की सीईओ नूपुर चतुर्वेदी ने कहा, "भारत कनेक्ट बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) इनवॉइस पेमेंट और फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म की शुरूआत के साथ अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, जिसका उद्देश्य बड़ी आपूर्ति श्रृंखला और वितरण नेटवर्क की मैन्युअल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। हमें एक्सिस बैंक को अपना प्रमुख भागीदार और विस्तारित समाधान के साथ लाइव होने वाला पहला बैंक पाकर खुशी हो रही है। यह बैंक के साथ हमारे पहले से ही मजबूत संबंधों को और गहरा करता है और भुगतान एवं कलेक्शन क्षेत्र को समस्त लोगों तक पहुंचाने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# नेशनल सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में नांगल पुरोहितान की पांच बालिकाओं ने हरियाणा को हराकर राजस्थान को दिलाया खिताब

हमारा समाचार

**रामपुरा डाबडी।** बिहार के गया में सब जूनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जहां हरियाणा और राजस्थान के आमने-सामने मैच हुआ। जिसमें राजस्थान ने हरियाणा को हार का मुंह दिखा दिया। वहीं इस महिला खिलाडियों की इस टीम में मुख्य भूमिका नांगल पुरोहितान निवासी किसानों की पांच बेटियों की रही। वहीं पिछले साल भी राजस्थान व हरियाणा के फाइनल में पहुंचने पर आमने-सामने मैच हुआ था। लेकिन राजस्थान को हार का मुंह देखना पड़ा था उस समय नांगल

**राजस्थान से 12 महिला खिलाडियों ने लिया हिस्सा जिनमें पांच नांगल पुरोहितान की**



पुरोहितान से टीम में तीन बेटियों ने खेला था लेकिन अबकी बार नांगल पुरोहितान से टीम में पांच बेटियों ने खेला। नांगल पुरोहितान के ही निवासी कोच सुरजन चौधरी ने बताया कि 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान की 12 सदस्य गर्ल्स टीम में 10 किसानों की बेटियां थी। वहीं मुख्य बात यह थी टीम में पांच तो नांगल पुरोहितान की ही थी। जो सभी किसान परिवार की हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी नांगल पुरोहितान की इन बालिकाओं ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में प्रदेश स्तर पर विजेता रहने के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी खासा परचम लहराया है। बिहार के गया आयोजित 34वीं सब-जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से इतिहास रच दिया है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अपने पहले मैच में मणिपुर को 40-5 से हराया, फिर महाराष्ट्र को 63-41 से पराजित किया। इसके बाद, उन्होंने प्री क्वार्टर फाइनल में साई की टीम को 52-23 से हराने के बाद, क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ को 61-27 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कियोसेमीफाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ 40-34 से जीत हासिल करने के बाद, राजस्थान की टीम ने फाइनल में हरियाणा के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में 39-37 से जीत हासिल की। और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के पीछे टीम कोच सुरजन चौधरी और टीम मैनेजर राखी तंवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भागवत महोत्सव : श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का उत्साह

हमारा समाचार

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित गोविंद धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। परम पूज्य श्री श्री 1008 ईश्वानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज के पावन मुखारविंद से भक्तों ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक चेतना का साक्षात्कार किया। आज उत्तम स्वामी द्वारा रामावतार, नंदोत्सव और भक्त प्रह्लाद पर प्रवचन सुनाए जिसमें इनसे सम्बंधित नई एवं रोचक जानकारी श्रोताओं का सुनने को मिली और सभी श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे और कुछ महिलाएं तो कथा के साथ चल रहे संगीत की धून पर नृत्य करने से स्वयं को नहीं रोक पाई और पांडाल में ही नृत्य करने लगी। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। बड़ी



संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा महोत्सव में श्रद्धालु भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के संदेशों को आत्मसात कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है। यह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और यह आयोजन 5 अप्रैल 2025 तक अनवरत जारी रहेगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा में श्रोताओं के साथ-साथ जो स्वयंसेवक इस कथा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्होंने पूरी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभल के रखा ताकि श्रोतागण और महिलाओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

## 7 हजार 500 रुपए का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 6 केन्टर सामान जब्त

हमारा समाचार

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी किसान भवन के पास, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, बियानी कॉलेज रोड़ के सामने, नेशनल हैण्डलूम खाली भूखण्ड के पास, दादी का फाटक से पार्षद कार्यालय तक आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 7 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज कर 06 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में लालकोठी किसान भवन के पास, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, बियानी कॉलेज रोड़ के सामने, नेशनल हैण्डलूम खाली भूखण्ड के पास, दादी का फाटक से पार्षद कार्यालय तक आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 06 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 7 हजार 500 रुपए का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# जीणधाम में उमड़ रहा है आस्था का जन सैलाब

## मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हमारा समाचार

**जीणमाता।** नवरात्र के तीसरे दिन काफी संख्या में भक्तों ने जीणमाता के दर्शन किए। माता के दरबार में कोने कोने से भक्त पहुंच रहे है। मंगलवार को जीण माता के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने जीण माता के दर्शन कर खुशहाली कामना की। पुजारी परिवार ने बताया कि जीणमाता के मंदिर को कोलकाता व दिल्ली के? विशेष फूलों से सजाया गया है व पांच शाही पोशाकों से माता का श्रृंगार किया गया। सुबह आरती के बाद फ्रुट्स का भोग लगाया गया। बता दे कि मंदिर कमेटी की ओर से भी दर्जनों वॉलिंटियर व्यवस्थाओं में लगाए गए हैं। प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग की टीम, अग्निशामक,



एंबुलेंस आदि की व्यवस्था भी जीणमाता में की गई है। अलग-अलग राज्यों से भक्त मां के दर्शन करने माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। भक्त सुबह से ही मंदिर में कतारों में खड़े होकर माता रानी के दर्शन के लिए आतुर नजर आए। भवंरावाली माता मंदिर, हर्षनाथ मंदिर, पहाडी. पर स्थित काजल शिखर मंदिर में भी दर्शन कर मन्नते मांग रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर में लगातार श्रद्धालुओं की रौनक बढ़ रही है। बाजार पूरी तरह सज गए है, जीणमाता में भजन से लेकर पूजा पाठ से पूरा भक्तिमय हो रहा है। गौरतलब है कि नौ दिवसीय नवरात्रा के दौरान अनेक भक्तजन माता के दरबार में रहकर नवरात्रा उपासना करने पहुंचते हैं। आईजी अजय पाल लांबा व एसपी भुवन भूषण यादव ने मंगलवार को जीणमाता के दर्शन किए। इसके बाद जयपुर रेंज आईजी अजय पाल लांबा व एसपी भुवन भूषण यादव ने जीणमाताजी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामौर व डीएसपी कैलाश कंवर राठौड़ और मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से फीडबैक लिया। आईजी ने दर्शन मार्ग, मंदिर परिसर, जिगजेग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अजय पुजारी, विनोद पुजारी ने मुख्य मंदिर में करवाई पूजा अर्चना, जीण माता मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने आईजी और एससी को दुपट्टा ओढ़ाकर व जीणमाता की प्रतिमा देकर स्वागत व सम्मान किया।

# 11 को होगा पेंशनर्स समाज की कार्यकारिणी का चुनाव

## पेंशनर्स समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

हमारा समाचार

**बाड़ी।** पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुरेश चंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में स्थान परशुराम धर्मशाला में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे पेंशनर्स सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण नवीन कार्यकारिणी का चुनाव 11 अप्रैल 2025 को कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमें आगामी 11 अप्रैल को चुनाव का कार्यक्रम के तहत 3 से 4 बजे तक आवेदन प्रस्तुत होंगे, 4 बजे से 5 बजे तक आवेदन वापस लेने एवं 5 बजे से यदि वोटिंग की




आवश्यकता हुई तो वोटिंग करायी जाएगी। जिसको लेकर बाड़ी पेंशनर समाज की सभी सदस्यों को 11 अप्रैल 2025 को निर्धारित समय से आधा घंटे पूर्व परशुराम धर्मशाला बाड़ी मैं उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की सूचना कर दी गई है। बैठक में सुरेंद्र सिंह परमार, वीरेन्द्र सिंह परमार, दाऊदयाल शर्मा, अखिलेश सारस्वत, माता प्रसाद भारद्वाज, रामबाबू शर्मा, ज्योति प्रसाद पचौरी, नारायण सिंह कुशवाहा, ओमप्रकाश भंडारी, महेश चंद भाटेले, नगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण प्रसाद शर्मा ने किया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. वि., विद्युत खण्ड द्वितीय, जयपुर**

**क्रमांक** 2224 **दिनांक** : 29.03.2025

**निविदा सूचना सं. 41/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युत कार्यों हेतु उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में कुल 02 पैकेज / कार्यों जिनकी कुल लागत राशि रू. 5.92 लाख है, के लिए टेण्डरिंग प्रकिया हेतु ऑफ लाईन निविदाये आमंन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदां प्रपत्र बिकी की दिनांक | 04.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक |
| निविदां प्रपत्र प्राप्ति की दिनांक | 04.04.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 04.04.2025 को दोपहर 01.30 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट dipronline.com पर एवं निविदां दस्तावेज का विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदां प्रक्रिया ऑफ लाईन सम्पादित की जावेगी।

UBN No. PWD2425WSOB17443, PWD2425WSOB17444

**(अरविन्द खत्री)**
**अधिशाषी अभियन्ता सा. नि. विभाग,**
**विद्युत खण्ड-द्वितीय जयपुर।**
**मो. नं. 9829456575**

जयपुर ग्रामीण समाचार

3

जयपुर, बुधवार, 2 अप्रैल, 2025

# महासिद्ध योगी बालनाथ की जीवंत समाधि पर एक वर्ष से चल रहा 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ

## 6 अप्रैल को यज्ञ समापन, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम भजन लाल करेंगे शिरकत

### पूर्णाहुति के लिए डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए तैयार कि जा रही प्रसादी

हमारा समाचार

**पावटा।** कस्बे के खेलना मोड़ स्थित बोहरा की बावड़ी में महासिद्ध योगी बाबा बालनाथ की जीवंत समाधि एवं तपोस्थली पर एक वर्ष से लंबी अवधि से चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ का समापन 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सहित कई बड़ी हस्तियां शामिल होगी। डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह, सीएम और केंद्रीय मंत्री 6 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। शाह सबसे पहले बाबा बालकनाथजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, फिर पंचमुखी महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे अखंड धूणे पर पुष्पांजलि अर्पित कर हवन में भाग लेंगे और यज्ञशाला में पूर्णाहुति देंगे। वे सनातन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रागपुरा निवासी मदन लाल आरएसएस ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर में 20 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं जिला प्रशासन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एडीएम ओमप्रकाश साहरण, पुलिस अधिक्षक राजन दुष्यंत, एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड़, एईएन संजय जाखड़, जेईएन वीरेन्द्र यादव आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व ग्रहमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने भी अधिकारियों के साथ हेलीपैड, सभा स्थल और पार्किंग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग और अन्य आवश्यक प्रोटोकॉल के निर्देश दिए गए हैं। समारोह की तैयारियों को लेकर पिछले 15 दिनों से डोम निर्माण, टेंट, जलाशय और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भंडारे के लिए 10 बीघा भूमि पर टेंट लगाया गया है, जिसमें बैठक की उचित व्यवस्था की गई है। महायज्ञ की शुरूआत 11 अप्रैल 2023 को प्रागपुरा से लक्खी कलश यात्रा के साथ हुई थी। बाबा बस्ती नाथ ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व कल्याण, सनातन धर्म की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महामारी और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, सामाजिक समरसता और दीर्घायु के उद्देश्य से किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने बताया कि महायज्ञ के समापन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी तैयार की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, इस अवसर पर दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह आयोजन को करीब 3 हजार कार्यकर्ता संभालेंगे। प्रसादी को लेकर 80 क्विंटल चीनी की बूंदी बनाई जा रही है। इसके अलावा 70 क्विंटल आलू की सब्जी व 80 क्विंटल आटे की पूरी बनाए जाने को लेकर तैयारी की जा रही हैं।



## रक्तदान शिविर का आयोजन

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** कस्बे में आकाश सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चमनगिरी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक शंकर लाल कुवाल व रामपाल कुवाल ने बताया कि फुलेरा ब्लड बैंक द्वारा 115 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में बड़ी संया में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। छोटा बाजार के युवा सोनू खान व जावेद खान व शादाब कुरैशी ने भी रक्तदान शिविर में अपना योगदान दिया।




## ईद का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया



हमारा समाचार

**नरैना।** कस्बे में सोमवार को ईद उल फित्र का त्योहार बड़े ही सोहार्द पुर्ण रूप से मनाया गया शाही जामा मस्जिद में कारी आशिक रजा ने एवं ईदगाह मस्जिद में शहर काजी मोहम्मद रफीक ने नमाज अदा कराई नमाज बाद देश में अमन चैन भाईचारे के लिए दुआ की गई सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी छोटे बच्चों को बड़ों की तरफ से ईद का तोहफा दिया गया और दिनभर एक द दावतों का सिलसिला जारी रहा लोग सिवइयां और खीर का लुत्फ उठाते रहे साथ ही बस स्टैंड व्यापार मंडल की तरफ से भी सभी का स्वागत किया गया हिन्दु भाईयों ने भी मुस्लिमों को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी कस्बे में ईद का त्यौहार बडे ही सोहार्द पुर्ण रूप से मिलजुल कर मनाया गया।

## गौड़ इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का उद्घाटन



हमारा समाचार

**नरैना।** आचार्य संत श्री दादू पीठाधीश्वर श्री ओमप्रकाश दास महाराज व प्रदेश अध्यक्ष मजीद खा गौड़ के कर कमलों द्वारा गौड़ इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम संजय मार्केट सावरदा रोड स्थित उद्घाटन किया गया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सोगानी, उपाध्यक्ष सलीम गौड, व्यापार मंडल महामंत्री जावेद भाटी ,अंजुमन रजा ए ख्वाजा कमेटी सदर शहाबुद्दीन नेब, संजय टांक, पीर खा गहलोत , मिरु गुज ,सत्तार गौड ,रमेश प्रजापत ,छीतर खा भाटी ,शाहरुख चौहान, कमल भाटी ,इरफान गहलोत, आदि लोग मौजूद रहे शोरूम के शुभारंभ में पधारे सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और सलीम गौड ने आभार व्यक्त किया।

## श्रीराम नवमी महोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा

### हिंदू उत्सव समिति निकालेगी विभिन्न संजीव झांकिया

हमारा समाचार

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में आगामी 06 अप्रैल को हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में श्रीराम नवमी महोत्सव पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। हिंदू उत्सव समिति संरक्षक रूप सिंह शेखावत ने बताया कि महोत्सव को लेकर चारों ओर लोगों में उत्साह का माहौल है और कस्बा धर्ममय बना है। उन्होंने बताया कि कार्यकताओं में इस पर्व को लेकर इतना जुनून बना है कि वे अभी से सार्वजनिक चौक चौराहे व मुख्य रास्तों पर लाइट डेकोरेशन करने व भगवा ध्वज पताका लगाने में जुट चुके है। समिति सदस्य व भाजपा नेता नरेश स्वामी ने बताया की रविवार, 06 अप्रैल को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व अघोरी, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती की सजीव झांकी नासिक के प्रसिद्ध ढोल की ताल पर निकाली जायेगी। झांकी दोपहर में गुजेड़ा धाम से रवाना होकर सांयकाल में मुख्य बाजार स्थित सुभाष चौक पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो जायेगी। जहां रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन होगा। स्वामी ने बताया कि इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा भव्य आतिशबाजी व वृन्दावन के कलाकारों द्वारा पट्टाबाजी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कलाकारों द्वारा भी विभिन्न कर्तव्य दिखाये जायेंगे।

## सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया चेटीचंड पर्व



हमारा समाचार

**सांभरलेक।** सांभर कस्बे में सिंधी समाज ने आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती पर चेटीचंड पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इसे सिंधी नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। चेटीचंड पर्व पर समाज के लोगों ने प्रातः प्रभात फेरी निकाली, जो मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुय मार्गों से गुजरी और पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इसके बाद विशेष पूजा-अर्चना की गई। गोला बाजार में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संया में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अप्रैल फूल नहीं, अप्रैल कूल: एनजीओ एक कदम गांव की ओर ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हमारा समाचार

**पावटा।** एनजीओ एक कदम गांव की ओर ने इस वर्ष 1 अप्रैल को एक अनूठी पहल के तहत अप्रैल फूल की जगह अप्रैल कूल मनाया। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यालय, मानसी बिहार पर अशोक का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह प्रेरित करना है कि वे पेड़ लगाकर अपने पर्यावरण को ठंडा व हरा भरा बनाएं, न कि केवल मजाक और ठिठोली में 1 अप्रैल को व्यर्थ जाने दें। संगठन के सक्रिय सदस्य राजेंद्र ऑडिटर एवं रामनिवास गिरदावर ने बताया कि पिछले वर्ष संगठन द्वारा 500 पौधे लगाए गए थे, जिनमें से अधिकांश अब भी जीवित हैं। इस वर्ष इस प्रयास को और व्यापक रूप देने के लिए 3000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुनेश, पूनम, सरोज एवं बीना कंवर की विशेष उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि ये चारों महिलाएँ संगठन की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और पर्यावरण-संरक्षण अभियानों में अहम योगदान दे रही हैं। संगठन के इस अभियान का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। इस पहल के माध्यम से संगठन ने एक नए पर्व अप्रैल कूल की शुरूआत कर दी है, जिसमें मजाक की बजाय प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया गया है।



## अद्वैत वेदांत आश्रम पर 31वां विशाल सत्संग सम्मेलन 8 को

हमारा समाचार

**फुलेरा।** क्षेत्र के संत शिरोमणि परम पूज्य अनंत विभूषित ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 संत बेलूबाईजी समाधि स्थापना तिथि की पावन स्मृति में हर वर्ष की भांति 8 अप्रैल को रात्रि में वार्षिक विशाल सत्संग सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस पुनीत अवसर पर दूर दराज से अनेक विद्वान संत महंत महात्मा पधारेंगे, जिनके सानिध्य में सत्संग संपन्न होगा। आश्रम महंत भंवरलाल व महंत सत्यनारायण महाराज ने सभी संतो ,महंतों, जिज्ञासुजनों, गुरुमुखीजानों व धर्म प्रेमी सज्जनों को आमंत्रित करते हुए कहा कि सभी पधार कर सत्संग का आनंद लेते हुए शोभा बढ़ाएं। महंत महाराज ने बताया कि देश के जाने माने पीठाधीश्वर एवं महान संत जन यहां पहुंचेंगे, उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को सांय 7:15 बजे संध्या महा आरती, रात्रि 8:00 बजे गुरु पद पुष्पांजलि, एवं रात्रि 8:30 बजे से सत्संग का आयोजन होगा।

**श्रीश्री 1008 संत बेलूबाई जी की स्मृति में होगा आयोजन**

## अलोदा में पुलिस थाने के उद्घाटन में कांग्रेस विधायक और भाजपा नेता में हुई नोकझोंक

### कांग्रेस विधायक वीरेंद्र सिंह ने कैंची ली और आईजी को दी आईजी ने भाजपा नेता गजानंद कुमावत को देकर कटवाया फीता

**विधायक ने कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए थाने के बाहर कार्यकताओं के साथ की नाराजगी जाहिर**

हमारा समाचार

**सीकर।** जिले के खाटूश्यामजी सदर थाने का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। शुभारंभ के दौरान आईजी अजयपाल लांबा व एसपी भुवन भूषण यादव सहित जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। थाने के उद्घाटन के समय क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह व विधानसभा चुनाव हारे भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत फीता काटने की रस्म अदायगी में खड़े थे। आईजी ने भाजपा नेता गजानंद कुमावत को कैंची दी, जिस पर कांग्रेस विधायक विरेन्द्र सिंह ने कैंची ले ली और आईजी को वापस दी लेकिन आईजी ने अजय पाल लांबा ने कैंची फिर से भाजपा नेता गजानंद कुमावत को दी और कुमावत ने फीता काट दिया। इस दौरान फीता गजानंद कुमावत से कटवाने पर क्षेत्रीय विधायक ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्रीय विधायक हूं और आप फीता इनसे कटवा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने फीता काट दिया। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक सहित कांग्रेस कार्यकताओं ने कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए थाने के बाहर नाराजगी जताई और इसके बाद मीडिया से रूबरू होते हुए क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मेरे मना करने के बावजूद गजानंद कुमावत से फीता कटवाया गया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। जहां जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। गजानंद कुमावत अपने आप को विधायक प्रत्याशी बता रहे है। विधायक का चुनाव तो 14 लोगों ने लड़ा था। जिनको डेकोरम का ही पता नहीं है ऐसे लोगों को जनता कैसे वोट देती है। वहीं गजानंद कुमावत ने मिडिया से कहा कि खाटूश्यामजी सदर थाना खुलने से विधायक के क्या दिक्कत है। कार्यक्रम में धक्का जैसी कोई बात नहीं हुई है, वें इगो के कारण ऐसा कह रहे हैं। इस दौरान कई स्थानीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर



नवनिर्मित श्री ठाकुरजी महाराज मन्दिर सूरपुरा

हमारा समाचार

**बोराज।** ठाकुर जी महाराज मंदिर सुरपरा बोराज में ग्रामीणों के सहयोग से 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। ग्रामीण जनसंपर्क कर महोत्सव को सफल बनाने में प्रयासरत हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।हवन यज्ञ का आयोजन होगा।हवन यज्ञ में मुख्य वेदी पर बैठने को लेकर लगी बोली मैं उच्चतम बोली समाजसेवी रिटायर्ड अध्यापक गोपाल चोधरी ने 4 लाख 71 हजार रुपए छुड़वाई। तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम सात बजे से दस बजे तक नानी बाई को मायरो का वाचन होगा। गौपाल चौधरी ने बताया कि महोत्सव कार्यक्रम में ओमदास महाराज दादू पीठाधीश्वर नरैना धाम,संत प्रहलाद पूरी महाराज ब्रह्मा विधा शक्ति पीठ निर्भय आश्रम वात्सल्य धाम करणसर, वीर तेजाजी गौशाला सेवा समिति सुरपूरा बोराज के संत बालव्यास महाराज, सीतारामजी मंदिर बोराज महंत विष्णु दास महाराज शिरकत करेंगे।

## होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के निकटवर्ती जयराम का वाली मैं सैनी होली मिलन समारोह हुआ। समारोह है राजू सैनी जिला अध्यक्ष राजस्थान माली महासभा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें समाज की कुरीतियों के विषय में समाज में आए हुए व्यक्तियों से चर्चा हुई:।रूडमल सैनी लिसाडिया ने समाज में दो गोत्रों में शादी विवाह करने का प्रस्ताव रखा सर्वसम्मति से दो गोत्रों में शादी करने की सबको स्वतंत्रता दी अब समझ में केवल दो गोत्र में ही शादी कर सकेंगे और किसी के मृत्यु होने पर दुशाला वी ओढ़नी पर भी प्रतिबंध लगाया । केवल मात्र आने वाले रिश्तेदार केवल श्रीफल व पुष्प लेकर ही आए। साधुराम पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने अपने विचारों में कहा कि लगन टीका में सीमित आदमी ही लगन टीका लेकर जावे और परिवार के कपड़े ही देवें वहीं मृत्यु भोज को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जावे, सीसी पूजन पर संबंधित रिश्तेदार ही कपड़े देवें अन्य रिश्तेदारों के कपड़े नहीं लाने की बात कही। रामदयालसैनी अध्यापक ने कहा कि समाज को एक जुट करना होगा श्रीमाधोपुर क्षेत्र में सैनी समाज का बिखराव हो रहा है ।अनेक संगठन समाज के बना रखे हैं उन सबको मिलकर स्थानीय संगठन पर जोर देना होगा जो बाहरी संगठन आकर समाज में कई गुट बना रहे हैं उनसे दूर रहना है ।माली सैनी विचार संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने कहा कि अंगूठा प्रकरण में समाज को 500 वर्ग जमीन दान की गई थी तत्कालीन सैनी विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा उसे जमीन का बेचैन कर राशि का गण कर गए हैं। समाज की आम सभा बुलाकर उनसे जमीन समाज को दिलवाई जावे। इस पर गहनता से विचार किया गया। इस अवसर पर चिरंजी लाल सैनी मूंडरू, रामनाथ सैनी पार्षद, महेश सैनी स्कूल के संचालक, भगवान सहाय बागड़ी , सेढुराम सैनी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सांभर उप जिला अस्पताल में समय में बदलाव हुआ

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** सांभर में स्थित उप जिला अस्पताल में मंगलवार से ओपीडी समय मे बदलाव किया गया है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ने बताया कि मंगलवार से अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक का रहेगा। राजकीय अवकाश के दिन सुबह 9 बजे से सुबह 11 बजे तक ओपीडी का समय होगा।

**श्याम पाठशाला के बच्चों के प्रति अनोखा प्रेम**

## श्याम पाठशाला में पढ़ने वाले गरीब बच्चों कि कटिंग करने जयपुर से आते हैं ओमप्रकाश सैन

### बोले : बाबा श्याम की नगरी में गरीब बच्चों के साथ खुशियां बाटना मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात

हमारा समाचार

**सीकर।** कहा जाता है कि यदि मन में कुछ करने की चाह हो तो तमाम मुसीबतों को मात देकर भी समाज सेवा कि राहें भी तलाशी जा सकती है। जहां खाटूश्यामजी का एक युवा लगातार आखर जोत जलाने में लगे हुए हैं। वहीं कई हुनर मन्द इन बच्चों के रंग भी भरने में लगे हुए हैं। प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में झुग्गीयो में पढ़ने वाले बच्चों को सोशल मीडिया पर देख कर इन बच्चों के लिए मन मे हूक उठी। श्रीमाधोपुर के बस्सी निवासी ओमप्रकाश सैन के जो जयपुर में लग्जरी सैलून का संचालन करते हैं। ओमप्रकाश जयपुर से बच्चों का रुप संवारने के लिए हर माह उनके बाल काटने यहां आते हैं। दांता रोड खाटूश्यामजी में संचालित श्याम पाठशाला की जहां पाठशाला में पढ़ने वाले 150 बच्चों के बाल काटने जयपुर से हर माह बराबर आते हैं।श्याम पाठशाला का संचालन खाटूश्यामजी निवासी पवन कुमार ओला ने बताया की हर माह जयपुर से ओमप्रकाश सैन अपनी फोर्चुनर गाड़ी से अपनी टिम के सदस्य बजरंग सैन, विजय सैन व सोना सैन के साथ खाटू आकर पाठशाला में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओ के बाल काटते हैं। खाटूश्यामजी में घुमन्तू परिवारो के करीब 200 घर है। कच्ची बस्ती के बच्चे अब अनौपचारिक तौर पर शिक्षा पा कर आगे बढ़ रहे हैं। कच्ची बस्ती की छोटी देवी ने बताया कि जयपुर हमारे बच्चों के बाल काटने हर महीने आते हैं जो हमें बहुत अच्छा लगता है ओर हम गरीबो कि भी कोई सुध लेने वाला है।



### श्याम नगरी में सेवा सौभाग्य कि बात

ओमप्रकाश ने खास बातचीत में बताया कि बाबा श्याम कि नगरी में मुझे ऐसी सेवा का मौका मिला है। इससे बड़ी सौभाग्य की बात है मेरे लिए लिए क्या होगी। सैन ने बताया इन बच्चों कि कटिंग करना सेवा ही है। इस सेवा से मन को जो सुकून मिला है वह पैसा लेकर नहीं मिल सकता। भिक्षावृत्ति करने वाले व कचरा बीनने वाले परिवार के कई सदस्यों का कहना है कि हम तो जैसे तैसे जीवन गुजार रहे हैं। लेकिन शिक्षा के बिना तरक्की संभव नहीं है इसलिए बच्चों को पाठशाला भेजना जरुरत है। पाठशाला के संचालक पवन कुमार ओला ने सम्पूर्ण टीम का आभार जताया ओर सभी को श्याम दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

## चिंतन

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।

## अप्रैल फूल

योगेश कुमार गोयल



# हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। 'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है। कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बहुविधा-प्रवीण यशस्वी कलाकार कोदूराम वर्मा



विशेष

डॉ. परदेशीराम वर्मा

कोदूराम वर्मा का जन्म 1924 में ग्राम भिंभौरी में हुआ। उनकी माता का नाम बिलसिया बाई तथा पिता का नाम बुधराम वर्मा था। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में करताल, तम्बूरा से भजन गायन शुरू किया। 1947 में देश आजाद हुआ। लगभग इसी वर्ष से उन्होंने लोक कला मंच पर नाचा में जोक्कड़ अर्थात हास्य कलाकार के रूप में प्रवेश किया। तब मालगुजारी प्रथा, जाति प्रथा, परतंत्रता के खिलाफ नाचा में कथा की बुनावट की जाती थी। पहले खड़े साज पर कलाकारों के साथ वे मशाल नाच में उतरे फिर मदराजी दाऊ रवेली वाले से प्रभावित होकर हारमोनियम तबले के साथ नाचा की ओर बढ़े।

*अंधाधुंध अंधियारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा*
*कोई जाने न जानन हारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा,*
*तथा भजन बिना, हीरा जनम गंवाया जी*

ये दो भजन उनके द्वारा गाये जाते जो काफी लोकप्रिय थे। गंवई के फूल के नाम से उन्होंने भिंभौरी में लोककला मंच खड़ा किया जिसे खूब ख्याति मिली। इस मंच को उन्होंने दाऊ रामचंद्र देशमुख से प्रभावित होकर चंदैनी गोंदा की शैली में खड़ा किय। वे व्यथित होते हैं यह देखकर कि अब छत्तीसगढ़ी लोक मंच जागृति, सामाजिक समता, उत्थान की प्रेरणा नहीं देता बल्कि व्यवसायिकता ने मंचों को उद्देश्यहीन बना दिया है। बल्कि अब छत्तीसगढ़ का उपहास भी मंचों के माध्यम से उड़ाया जाता है। उन्हें नये राज्य गठन से काफी उम्मीदें थीं जो अब अधूरी लगती हैं। उन्हें निराशा होती है कि सरकारों ने छत्तीसगढ़ को वह सम्मान नहीं दिया जिसकी उम्मीद हम सबको थी।

भजन गायन के कारण ही वे रामायण प्रवीण हीरालाल शास्त्री जी से जुड़े। हीरालाल शास्त्री के शिष्य थे बालकृष्ण शर्मा वे शब्दवेधी बाण चलाने में निपुण थे। उनका प्रदर्शन देखकर उन्होंने भी निश्चय किया कि इस विधा को मैं सीखूंगा। उन्होंने आग्रह किया। बालकृष्ण जी पहले तो तैयार नहीं हुए लेकिन जब उनके कहने पर कोदूराम जी ने संकल्प लिया कि सभी दुर्व्यसनों से मैं दूर रहूंगा और निष्ठापूर्वक समाज सेवा करूंगा तब उन्होंने सिखाने का वचन दिया। वे उनके साथ करीब 3 माह तक रहे।

लिम्बाराम देश के चर्चित आधुनिक धनुर्धर हैं। 2007 में वे रायपुर आए। उन्हें छत्तीसगढ़ के शब्दभेदी बाण संधानकर्ता श्री कोदूराम वर्मा ने अपनी कला से चकित कर दिया। लिम्बाराम ने कोदूराम जी का चरण स्पर्श कर लिया। अलग-अलग प्रान्तों और संस्कृतियों के बीच सेतु का प्रमाण है दोनों के नाम में जुड़ा हुआ राम। कोदूराम जी को बड़ी पीड़ा होती है कि ऐसे दानवीर की एक मूर्ति अभी तक दुर्ग में नहीं लगी। वे लगातार तीन वर्ष तक सगनी आश्रम में बच्चों को पढ़ा भी चुके हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ गायन एवं वादन की शिक्षा भी वर्मा जी ने दिया। वे लगभग विगत 75 वर्षों से लोकमंच पर सक्रिय हैं।



भारत भवन में सुर वाद्य का प्रदर्शन किया था, मंच में 8 कलाकार एक साथ अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत हुए। सर्वप्रथम बांस वादक ने वाद्य यंत्र प्रारंभ किया जिन्होंने पहले शंख की आवाज, शेर की दहाड़ने वाला आवाज निकालकर स्वर को धीरे-धीरे रखा। फिर मोहरी वादक ने अपना गौरा धुन, सुवा गीत आदि का समस्त वाद्य यंत्रों के साथ समवेत स्वर में गीत प्रस्तुत किया गया। विशुद्ध वाद्य यंत्रों का प्रयोग मात्र छत्तीसगढ़ में ही एक मात्र प्रयुक्त होता है।

आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल द्वारा रायपुर में आयोजित महाराष्ट्र मंडल में कबीर दास जी की भजन गायकी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया जिसमें भारत भर के समस्त भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। भजन में विशुद्ध ग्रामीण वाद्य यंत्रों जैसे करतार, तंबूरा एवं खंजेड़ी का ही मात्र प्रयोग किया गया। यह प्रस्तुति बहुत ही सराहा गया। कबीरदास भजन जिसके बोल हैं - "अंधाधुंध अधियारा रे अवधू कोई जानन जानन हारा रे अवधू" का सफल गायन मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार उक्त कार्यक्रम मध्यप्रदेश के आंचलिक बड़े-बड़े शहरों में प्रस्तुत किया गया। जबलपुर, सागर आदि शहरों में भी इसका विधिवत सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया गया। रेडियो स्टेशन में भजन गायकी का कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता रहा है।

छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी नाचा एक ऐसी नाट्य विधा है जिसमें समाज के प्रच्छन्न लोक भावना को प्रदर्शित किया जाता है। इसके माध्यम से समाज सुधार, शिक्षा, रूढ़ी, अंधविश्वास एवं राष्ट्रोपयोगी भावनाओं को प्रदर्शित कर राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाता है। इसकी प्राचीन परंपरा विभिन्न परिस्थितियों से गुजरता हुआ सिनेमा आदि नाट्य विधा से जुड़ता गया है। नाचा विधा में निम्न सोपान तय किया है मशाल नृत्य, गैस नृत्य, लाईट-नृत्य। नाचा का उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत दाऊ मदराजी द्वारा किया गया। जिसके नाम से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा नाचा विधा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरूस्कार भी दिया जाता है। जो मुझे 2007 में प्राप्त हुआ। खड़े नाच में मशाल नृत्य का एक मौलिक प्रदर्शन जोड़ा गया जिसमें नृत्य करते हुए मशाल को शरीर के विभिन्न अंगों में दबाकर बुझाना एवं निकाल कर जलाना आदि का सफल प्रदर्शन मेरे द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समस्त मानवीय मूल्यों को समाज में स्थापित करने हेतु गंवई के फूल नामक सांस्कृतिक संस्था की स्थापना की गई। गंवई के फूल के संस्थापक, संचालक, दिशा दर्शक एवं निर्देशक का संपूर्ण कार्य मुझे ही ग्रहण कर सफलता पूर्वक संचालन किया गया। इसमें 25 कलाकारों के कलाओं को माला के रूप में पिरोकर प्रस्तुत किया जाता रहा है। गंवई की फूल की पृष्ठभूमि दास्ता से प्रारंभ होती है। अंग्रेजों के गुलामी के कारण भारतीयों की जो स्थिति थी उसका मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया जाता है। स्वतंत्रता के उपरोंत गंवई के फूल का नायक भारतीय मूल्यों की रक्षा करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास की चरमसीमा को प्राप्त करने के लिए प्रयास करता है तथा गांव को सर्वसुविधा संपन्न अवरोधों को पार करता हुआ विकास की गंगा बहाने का संकल्प का उपसंहार के रूप में प्रस्तुत करता है। यह एक सोद्देश्य एवं आदर्श मानक की मानवीय भावनाओं की परिकल्पना है। जो कथाकार के रूप में मैंने निर्देशन कर समाज के सामने चुनौती को स्वीकार करते हुए जन-जन में विकासोन्मुखी भावना को भरने का अवसर सा प्रयास किया एवं समस्त जन-जन को आदर्श नागरिक देशभक्त बनाने का अप्रतिम प्रयास किया है।

इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर नेहरू युवा केन्द्र इस्पात नगरी भिलाई ने इसके कार्यक्रम के लिये विशेष सहयोग एवं योजनाओं को क्रियान्वित किया। युवा केन्द्र के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रमों को कई दिनों तक सांस्कृतिक संध्या के रूप में प्रस्तुत कराया। तथा कार्यक्रमों को भारत भर के बड़े-बड़े उपयोगी क्षेत्रों में प्रदर्शन के लिए ले जाता रहा है। गंवई के फूल को भी इसमें सफलता प्राप्त हुई। तथा नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से बाड़मेर (राजस्थान) में दो बार एवं रायबरेली उत्तरप्रदेश में एक बार सफल मंचन किया है। दोनों स्थानों में इस संस्था को विशेष सफलता प्राप्त हुई। इसमें पूरी शक्ति सामर्थ्य, योग्यता, धैर्य, कलाप्रियता एवं राष्ट्रीय भावनाओं का प्रदर्शन होता है। इसके साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला मुख्यालयों एवं ग्रामीण अंचलों में भी प्रदर्शन किया गया।

रायपुर जिला - चरोदा, खैरखूंट, रोटरी क्लब की ओर से मेकाहारा, सभागार में सिलतरा, लिनवा, सिमगा। महासमुन्द जिला - खल्लारी, दुर्ग जिला - बेरला, अनदगांव, खर्रा, दुर्ग, सुरडुंग। भिलाई में कई बार जहां दो बार विशेष सम्मान।

प्रथम बार प्रशस्ति पत्र दूसरे बार मदराजी सम्मान, पैरी, सगनी, भाटागांव, बेरला के आसपास के गांव में कवर्धा जिला - कवर्धा, बेमेतरा, बी.टी.आई. कचहरी के सामने, बालसमुन्द। इसके कारण आज तक विगत 15 वर्षों से निरंतर इस सांस्कृतिक संस्था का जोरदार कार्यक्रम जन सेवा में लोगों के द्वारा प्रदर्शित कराया गया। यही "गंवई के फूल" की सफलता यात्रा है। अभी भी इसकी मांग होते रहती है। मप्र में भी इसका प्रदर्शन रतलाम में दो बार प्रस्तुत किया गया।

बी.टी.आई. रायपुर में आयोजित यूनीसेफ के कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षार्थियों को लोकगीतों एवं लोकनाट्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जिसका प्रदर्शन राज्य स्तरीय शिक्षा-प्रशिक्षण केन्द्र, टीकमगढ़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ-साथ बीटीआई पेण्ड्रा में भी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया।

***- यह लेख अगासदिया के 2007 में प्रकाशित अंक से लिया गया है।***

## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित

दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## गणगौर त्योहार



बीकानेर में सोमवार को गणगौर त्योहार के अवसर पर जूनागढ़ किले के पास पारंपरिक जुलूस के दौरान देवी गौरी की मूर्ति ले जाई गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है।

*- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा वितरित



दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में रविवार को वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।

## ट्रेंड

### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इतनी बैरिकेडिंग क्यों



भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो।

-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम

सम्पादकीय

# अंजलि कंवर ने 575 कॉलेजों को पछाड़ कर जीता प्रथम स्थान

## विश्वविद्यालय स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में रचा इतिहास

हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** कला और रचनात्मकता के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मांडिया पीजी महाविद्यालय, नीमकाथाना की छात्रा अंजलि कंवर (बीए प्रथम वर्ष) ने शेखावाटी विश्वविद्यालय की पेंटिंग प्रतियोगिता में 575 महाविद्यालयों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय जीत से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने किया गया सम्मानित

इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अंजलि कंवर को विशेष रूप से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कुलसचिव श्वेता यादव, कुलगुरु प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय, डॉ. रीन्जु राय, निदेशक अध्ययन विभाग डॉ. राजेंद्र सिंह, सहायक कुलसचिव डॉ. संजीव कुमार और आयोजक सचिव डॉ. राजेंद्र कुड़ी ने अंजलि को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुआ सम्मान, नीमकाथाना में खुशी की लहर



### नीमकाथाना में हर्ष, चित्रकला को माइनर विषय बनाने की उठी मांग

इस सफलता पर नीमकाथाना के चित्रकारों और छात्रों में हर्ष का माहौल है। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से चित्रकला को माइनर विषय के रूप में लागू करने की मांग की है, ताकि इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके। अंजलि की इस सफलता से क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को नई प्रेरणा मिली है।

### प्रतियोगिता में दिखी अंजलि की अनोखी प्रतिभा

प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया, लेकिन अंजलि की रचनात्मकता और अद्भुत कला ने निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। उनकी पेंटिंग ने न केवल तकनीकी उत्कृष्टता प्रदर्शित की, बल्कि उसमें गहराई और संदेश भी समाहित था, जिसने उन्हें प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान दिलाया। मांडिया पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य ने अंजलि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनके कठिन परिश्रम और कला के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में चित्रकला के असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेश यादव विद्यार्थियों को कला के प्रति प्रेरित कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में छात्र बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

# खनन विवाद : झुंझुनूं के दो समेत प्रदेश के 50 पट्टों पर खनन हुआ बंद

## झुंझुनूं की विवादास्पद कान्हा पहाड़ का पट्टा भी इसमें शामिल, नवीनीकरण भी आसान नहीं

हमारा समाचार



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में दो समेत प्रदेश के 50 ऐसे पट्टे, जिन्हें खान विभाग ने खनन के लिए परमिशन दे रखी है। उन पर 31 मार्च 2025 के बाद, यानि कि मंगलवार से खनन बंद हो गया है। अब इन 50 पट्टाधारियों के खनन वापिस शुरू करवाना भी आसान नहीं होगा। क्योंकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से आदेश लाने पड़ेंगे। झुंझुनूं के जिन दो खनन पट्टों की समयावधि समाप्त हुई है। उनमें झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ का खनन पट्टा भी शामिल है। जो ना केवल विवादों में है। बल्कि इस खनन पट्टे पर खनन का विरोध कई दिनों से पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के नेतृत्व में बस्ती के लोग कर रहे है। जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ का खनन पट्टा जवान रॉक मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक यश कटेवा पुत्र श्याम सिंह कटेवा को दिया गया है। इस पट्टे के बाद कान्हा पहाड़ से खनिज चेजा पत्थर एवं ग्रेनाइट निकाला जा रहा था। काफी समय तक खनन कार्य बीच में बंद रहा। लेकिन अब जब शुरू हुआ तो इसका विरोध पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने शुरू कर दिया। कई बार आंदोलन हुए और पूर्व मंत्री व बस्ती के लोगों पर एफआईआर भी दर्ज करवाई। लेकिन अब खनन पट्टे का समय पूरा होने से 31 मार्च 2025 के बाद से इसमें खनन नहीं होगा। खान विभाग ने नोटिस जारी कर पट्टाधारी को खनन ना करने की अंडरटेकिंग देने के आदेश दिए है। वहीं झुंझुनूं जिले के खिरोड़ में संचालित गोपाल लाइम का भी पट्टा अवधि 31 मार्च 2025 को खत्म हो गई। प्रदेश में झुंझुनूं समेत 50 ऐसे पट्टे है। जिनकी समयावधि 31 मार्च 2025 को खत्म हो गई है। ये वो पट्टे है। जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वत श्रृंखला में माना है और इनके नवीनीकरण के लिए पहले सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। अब इन क्षेत्रों में पट्टों का नवीनीकरण करवाने के लिए राजस्थान सरकार और पट्टाधारी सुप्रीम कोर्ट ही जाना पड़ेगा। इसके बाद ही नवीनीकरण होगा और फिर से खनन शुरू हो सकता है। आपको यहां यह भी बता दें कि कान्हा पहाड़ में पट्टे के नवीनीकरण के लिए पट्टाधारी जवान रॉक मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक यश कटेवा पुत्र श्याम सिंह कटेवा ने पूरी प्रक्रिया पूरी कर रखी है। तो वहीं खिरोड़ की गोपाल लाइम काफी दिनों से बंद पड़ी है। साथ ही पट्टाधारी ने नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की है। जिसके कारण अब यदि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलती है तो सरकार इसको दुबारा नीलाम करेगी।

# नवजात शिशुओं को 61 हाई जेनिक बेबी किट वितरण किए



हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 61 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरण किए गए। डॉ. प्रियंका सेखसरिया ने प्रसूताओं को नवजात शिशुओं के संक्रमण रोकथाम के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, एमआईएफ मुबारक अली पहाड़ियान, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे। ज्ञात रहे केडिया परिवार द्वारा हर माह की एक तारीख को बेबी किट वितरण किए जाते हैं।

# जीण माता मेले के लिए बत्तीसी संघ रवाना, श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह

## तपती धूप में नंगे पांव, सिर पर जलती सिगड़ी और हाथों में निशान लिए भक्त हुए रवाना

हमारा समाचार



**नीमकाथाना।** जीण माता मेले के लिए बत्तीसी संघ के 32 गांवों से हजारों श्रद्धालु मंगलवार को अपने-अपने गांवों में पथवारी माता और जीण माता के मेलों में शामिल होकर पूजा-अर्चना कर पदयात्रा पर रवाना हो गए। तपती धूप में नंगे पांव, सिर पर जलती हुई सिगड़ी, हाथों में निशान और माँ जीण भवानी के जयकारों के साथ भक्तों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी।

### पथवारी माता के दर्शन के बाद हुई पदयात्रा प्रारंभ

बत्तीसी संघ के भक्तों ने पथवारी माता मंदिर में धोक लगाकर पूजा-अर्चना की और फिर संघ के साथ जीण धाम के लिए प्रस्थान किया। क्षेत्र के पथवारी माता मंदिर में इस अवसर पर विशेष मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता से सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों की इस पदयात्रा का मार्ग में गांवों के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी और शरबत की व्यवस्था की गई। यह यात्रा छठ के दिन जीण माता धाम पहुंचेगी, जहां बत्तीसी संघ की ओर से माता को चुनरी ओढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी।

### भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा

मेले में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। डीजे की धुनों पर भक्त झूमते हुए, हाथों में लाल निशान और महिलाओं द्वारा सिर पर जलती हुई सिगड़ी रखकर भक्ति भाव से जीण माता के लिए रवाना होते दिखे। इस भव्य आयोजन से नीमकाथाना और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बन गया। माता के प्रति यह अटूट श्रद्धा और आस्था भक्तों को हर वर्ष जीण माता मेले तक खींच लाती है।

# खिलाड़ियों के लिए सरकार ने खोले दरवाजे

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** भजनलाल सरकार खिलाड़ियों के लिए नए दरवाजे खोल रही है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने झुंझुनूं की वॉलीबॉल अकादमी समेत प्रदेश में संचालित 22 खेल अकादमियों में खिलाड़ियों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिनके ट्रायल सात अप्रेल से एसएमएस स्टेडियम जयपुर में होंगे। इन अकादमियों में ट्रायल के आधार पर खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा। जिन खिलाड़ियों को इन अकादमियों में प्रवेश मिलेगा। उनके 20 साल की आयु तक सरकार उन्हें ना केवल बेहतरीन प्रशिक्षण उपलब्ध करवाएगी। बल्कि उनके रहने, खाने, खेलने के अलावा पढाई तक का खर्चा सरकार उठाएगी। झुंझुनूं के जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि झुंझुनूं में वॉलीबॉल अकादमी संचालित है। जिसमें 30 खिलाड़ियों की सीट है। इसके अलावा अलग–अलग जिलों में अलग–अलग खेलों की खेल अकादमियां संचालित है। इन सभी 22 खेल अकादमियों के लिए सात अप्रेल से ट्रायल जयपुर में शुरू होंगे।

# वरिष्ठ कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग

हमारासमाचार

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने सीधी भर्ती से नियुक्त विभागीय वरिष्ठ कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग की है। विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा 28 मई 2021को जारी आदेशानुसार सीधी भर्ती से नियुक्त वरिष्ठ कार्मिक का वेतन कनिष्ठ कार्मिक से कम होने की वेतन विसंगति के संबंध में सीधी भर्ती मामलों में 01 जनवरी 2006 के बाद तारीख से वेतनमान में संशोधन के कारण वरिष्ठ कार्मिक का वेतन उससे कनिष्ठ कार्मिक से कम हो जाता है तो ऐसे प्रकरण में वरिष्ठ कार्मिक का वेतन उससे कनिष्ठ कार्मिक के वेतन के बराबर उस तारीख से बढ़ाने की अनुमति दी गई है जिस तारीख से कनिष्ठ कार्मिक ने उच्चतर वेतन लेना शुरू किया था। यह आदेश 01 जुलाई 2013 से प्रभावी है। वित्त विभाग के उक्त आदेश के पश्चात इस प्रकार के प्रकरणों में विभाग के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर हो रहे हैं। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर ने इस प्रकार के लंबित प्रकरणों में वित्त विभाग के आदेश का हवाला देते हुए तुरंत कार्रवाई कर प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देश दिए हैं। संगठन ने संस्कृत शिक्षा आयुक्त को पत्र प्रेषित कर सामान्य शिक्षा विभाग की तरह ही संस्कृत शिक्षा विभाग में भी वित्त विभाग के आदेश की पालना सुनिश्चित करवाकर संशोधित वेतन निर्धारण करने का स्वीकृति आदेश जारी कर कार्मिक की मूल सेवा पुस्तिका में इंद्राज करवाने का निवेदन किया है। इससे न्यायालय प्रकरणों से बचा जा सकेगा एवं वेतन विसंगति से प्रभावित कार्मिक लाभान्वित हो सकेंगे। प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि पत्र की प्रति विभागीय उच्चाधिकारियों को भी भिजवायी गयी हैं।

# महाविद्यालय में छात्र और छात्राओं का किया स्वागत



हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई राजकीय एनएमटी महिला महाविद्यालय में नवसंवत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्टाफ व छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका चावला निवासी कासिमपुरा को स्नातकोत्तर हिंदी परीक्षा 2024 में शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान करने पर हिंदी विभाग के शिक्षकों द्वारा छात्रा को प्रतीक चिह्न एवं 1100 रुपए नकद देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रिया निवासी फतेहसरी का जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर चयन होने पर छात्रा का महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह, हिंदी विभाग में कार्यरत किशोर कुमार, डॉ. शशिप्रकाश अहलावत, सुनिता एवं अन्य संकाय सदस्यों में डॉ. विकास भड़िया, डॉ. सुरेंद्र कुमार, जगदीश कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिसवाले के पंच बेटे ने किया फजीवाड़ा छह महीने की जांच के बाद केस दर्ज किए

## सिपाही पिता की मृत्यु के बाद भी उठाता रहा बेटा पेंशन

हमारा समाचार

**पचेरी कलां।** थाने में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ अपने पिता की मृत्यु के बाद भी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पेंशन लेने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल सदर थाना इलाके के कुलताजपुर निवासी भगवान सिंह राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल थे। जो सेवानिवृत्त हो गए। भगवान सिंह का निधन 24 सितंबर 2021 को हो गया। बावजूद इसके भगवान सिंह के बेटे प्रदीप ने तीन सालों तक फर्जी जीवित प्रमाण पत्र बनाया और बैंक

### पोल खुली तो वापिस जमा करवाए 8.20 लाख रु.

तथा बुहाना कोष कार्यालय में देकर तीन साल तक पेंशन उठाता रहा। आरोपी ने तीन सालों में 8 लाख 20 हजार 738 रूपए की पेंशन उठा ली। इस मामले की शिकायत उसी के गांव के राहुल ने झुंझुनूं पुलिस को की। जिसके बाद पुलिस ने परिवाद की जांच शुरू की। परिवाद में सामने आया कि आरोपी प्रदीप ने तीन सालों में तीन फर्जी जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें उसने खुद ही अपने मृत पिता के साइन किए। इसके अलावा पहला जीवित प्रमाण एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल से विश्वास में लेकर सत्यापित करवा लिया। वहीं दो जीवित प्रमाण पत्र सत्यापित करने में उसने दो अलग–अलग स्कूलों की मोहर लगाकर फर्जी साइन कर लिए। जब आरोपी की चोरी पकड़ी गई तो उसने तुरंत ही राजकीय कोष में आठ लाख 20 हजार 738 रूपए जमा भी करवा दिए। लेकिन पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत अन्य धाराओं में आरोपी प्रदीप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पचेरी कलां एसएचओ राजपाल सिंह ने बताया कि परिवाद की जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रदीप, अपनी ग्राम पंचायत थाना में पंच भी है। आपको बता दें कि परिवादी राहुल भी प्रदीप के गांव का ही है। जिसने सितंबर 2024 में लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने करीब छह माह तक मामले की जांच की। इसके बाद जब आरोप प्रमाणित हुए तो अब भी करीब एक माह बाद एफआईआर दर्ज की है।

# मलेरिया क्रैश कार्यक्रम शुरू जागरूकता वाहन रवाना हुए



हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आने वाले दिनों डेंगू मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों न पनपे इसके लिए एंटी लार्वा गतिविधियों का मलेरिया क्रैश कार्यक्रम मंगलवार से शुरू किया। इसके तहत मंगलवार को जिला स्वास्थ्य भवन से सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को एंटी लार्वा गतिविधियों के बारे जागरूक करना है। लोगों को मच्छर पैदा न हो इसकी जानकारी देनी है ताकि डेंगू मलेरिया न फैले। जितने भी लार्वा पैदा करने वाले स्रोत है उन्हें नष्ट करवाना। ठहराव वाले पानी में एमएलओ डालना।

# राज्य कार्मिकों को बीमा भुगतान के लिए विशेष अभियान शुरू



हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** जिले के राज्य कार्मिक जो 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके बीमा क्लेम के भुगतान के लिए जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने एसआईपीएफ पोर्टल के माध्यम से क्लिक करके पेमेंट इनिशिएट कर मंगलवार को कोष कार्यालय भिजवा दिए हैं। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग झुंझुनूं के संयुक्त निदेशक ने बताया कि झुंझुनूं जिले के 580 राज्य कार्मिकों की बीमा पॉलिसी दिनांक 01.04.2025 को परिपक्व हो गई थी। जिनका कुल भुगतान 59 करोड़ 75 लाख तरेसठ हजार 382 रूपए पेमेंट इनिशिएट कर मंगलवार को कोष कार्यालय भिजवा दिया गया है। इस अवसर पर सुपरवाइजर रामनिवास पूनिया व ऋतु, सहायक प्रोग्रामर ऋषिकांत, सूचना सहायक अभिलाषा, वरिष्ठ सहायक नीना, राकेश कुमार सैनी, दीपचंद सैनी एवं कनिष्ठ सहायक जुनेद खान सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# जिले में ऐसी कोई पीएचसी नहीं रहेगी, जहां डॉक्टर नहीं होगा

## सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर के प्रयासों से जल्द होगी चिकित्सकों की नियुक्ति, यूटीबी पर 70 चिकित्सक लेने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** जिले की 133 में से 64 पीएचसी, यानि लगभग आधी पीएचसी बिना डॉक्टरों के ही चल रही है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक उपलब्ध होगा। जी, हां राजस्थान सरकार ने फैसला लिया है कि ऐसा कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होगा। जहां पर डॉक्टर उपलब्ध ना हो। साथ ही ऐसा कोई भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं होगा। जो सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है। झुंझुनूं में बिना चिकित्सकों के चल रहे 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इसी हफ्ते यूटीबी के आधार पर चिकित्सक पदस्थापित हो जाएंगे। तो वहीं जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जो एक चिकित्सक के भरोसे चल रहे थे। उन पर भी दो चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देश के बाद 70 चिकित्सकों की भर्ती यूटीबी के आधार पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों, लू और तापघात मरीजों की संभावना तथा सरकार की योजनाओं का हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। इसकी सुनिश्चितता के लिए 70 चिकित्सकों की भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसी हफ्ते डॉक्टरों को खाली पड़ी पीएचसी और एक चिकित्सक के भरोसे चल रही सीएचसी में पोस्टिंग दे



दी जाएगी। आपको बता दें कि करीब छह महीने पहले यूटीबी पर चिकित्सक भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। उस वक्त करीब 30–35 चिकित्सक लेने थे। लेकिन इसके बाद पीएचसी पर कार्यरत कई चिकित्सक पीजी करने के लिए चले गए। इसके बाद झुंझुनूं जिले में वर्तमान में 64 पीएचसी बिना डॉक्टरों तथा 6 सीएचसी सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे चल रही थी। अब जिले की हर पीएचसी पर डॉक्टर होगा। वहीं ऐसी भी कोई सीएचसी नहीं होगी। जो सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे चल रही हो।

### ये पीएचसी और सीएचजी, जहां पर लगेंगे एक–एक डॉक्टर

जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अब चिकित्सक मिलने वाले है। उनमें बुडाना, बाकरा, पातुसरी, बिंजूसर, बीबासर, केड, सिंगनौर, भोड़की, भाटीवाड़, धमोरा, बहादुरवास, भारू, टांई, हेतमसर, वाहिदपुरा, गांगियासर, बाजला, चुड़ैला, निराधनूं, कालियासर, सोनासर, भामरवासी, सोलाना, किठाना, नरहड़, सारी, बख्तावरपुरा, बलौदा, काजड़ा, किढवाना, घूमनसर कलां, डूलानिया, छापड़ा, जखोड़ा, सांवलोद, हीरवा, घरड़ाना खुर्द, पचेरी कलां, बाय, बसावा, देवगांव नूआं, टोडपुरा, तोगड़ा कलां, मांडासी, रामपुरा, कारी, बुगाला, भोजनगर, कुमावास, डूंडलोद, चंवरा, छापोली, मणकसास, सराय, बाघोली, त्यौंदा, टीबा बसई, पपुरना, गौरीर, माधोगढ़, ढाणी बाढ़ान, रसूलपुर, डाडा फतेहपुरा, गुड़ा शामिल है। वहीं जिन सीएचसी पर सिर्फ एक चिकित्सक है। उनमें भड़ौन्दा कलां, महनसर, जेजूसर, ढिगाल, मेहाड़ा जाटूवास तथा राणासर है। लेकिन इन छह सीएचसी पर दो–दो चिकित्सक हो जाएंगे।

## अहिल्या बाई होलकर के 300वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में मुम्बई के कलाकारों का नाट्य मंचन 17 को



हमारा समाचार

**धौलपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में संस्कार भारती और मधुकर सेवा संस्थान धौलपुर में भव्य नाट्य का मंचन आयोजित करने जा रही है। यह ऐतिहासिक प्रस्तुति 17 अप्रैल को सांयकाल 5 बजे से नगर परिषद ऑडिटोरियम में होगी, जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन को लेकर संस्कार भारती और मधुकर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नाटक के मंचन को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन स्थानीय भार्गव वाटिका में किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मधुकर सेवा संस्थान के अनुराग शर्मा ने इस नाट्य मंचन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का आयोजन समिति के कार्यकताओं से आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्य का वितरण कर दिया गया है तथा तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। संस्कार भारती के जिला संयोजक मुकेश सूतैल ने बैठक का संचालन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंच गौरव योजना : एक जिला, एक उपज के तहत आलू का समृद्ध भविष्य

हमारा समाचार

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ की गई पंच गौरव योजना राज्य के कृषि और आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत एक जिला, एक उपज की अवधारणा को साकार करते हुए प्रत्येक जिले में एक विशिष्ट कृषि उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में धौलपुर जिले में आलू को चयनित किया गया है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जिले में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध होगी। आलू भारत की कृषि व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह न केवल घरेलू उपभोग के लिए आवश्यक है, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में भी इसकी व्यापक उपयोगिता है। जिले की जलवायु और मिट्टी आलू उत्पादन के लिए अनुकूल है, जिससे यहां आलू की पैदावार उच्च गुणवत्ता वाली होती है। आंकड़ों के अनुसार जिले में वार्षिक रूप से लगभग 63 हजार मीट्रिक टन आलू का उत्पादन किया जाता है, जो इस क्षेत्र को आलू उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। पंच गौरव योजना के तहत



आलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनेक रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोग प्रतिरोधक एवं अधिक उत्पादन देने वाले आलू के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उपज की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त जैविक एवं टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल संरक्षण और स्मार्ट फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए ड्रिप इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आलू के उत्पादन के साथ-साथ उसके प्रसंस्करण और विपणन को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया जायेगा। आलू से बनने वाले उत्पादों जैसे आलू चिप्स, स्टार्च और अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों के लिए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। जिले में आलू आधारित लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख कॉमर्स प्लेटफार्मों और प्रमुख सुपरमार्केट चेन के साथ गठजोड़ कर जिले के आलू उत्पादकों को एक व्यापक बाजार प्रदान किया जायेगा। इस योजना के तहत किसानों के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, जल संरक्षण विधियों और प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। स्वयं सहायता समूह और महिला उद्यमियों को भी इस योजना के तहत विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा ताकि वे आलू उत्पादन और प्रसंस्करण क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें। इसके साथ ही जिले में आलू उत्पादन और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे श्रम पलायन की समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी। पंच गौरव योजना के तहत एक जिला, एक उपज नीति से जिले को अभूतपूर्व लाभ प्राप्त होगा। अनुमान है कि इस पहल से किसानों की आय में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इसके अतिरिक्त जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि आधारित लघु उद्योगों का तेजी से विकास होगा। इस योजना के माध्यम से जिले को आलू उत्पादन और प्रसंस्करण का एक प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। निष्कर्षसी पंच गौरव योजना न केवल किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगी, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक एवं तकनीकी सहायता से आलू उत्पादकों को नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे यह पहल संपूर्ण राज्य के कृषि और औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना न केवल खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण को गति देगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगी।

## श्री तेजाजी विकास समिति जाट धर्मशाला खाजूवाला की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, रघुवीर ताखर बने अध्यक्ष

हमारा समाचार

**खाजूवाला।** श्री तेजाजी विकास समिति जाट धर्मशाला खाजूवाला में मंगलवार को समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति की पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से रघुवीर सिंह ताखर को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। ताखर समाज और क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखते हैं और उनकी कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में रघुवीर सिंह ताखर को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि शिवप्रकाश कासनियां को उपाध्यक्ष, तोलाराम जाखड़ को कोषाध्यक्ष, और लालूराम बिस्सू को सचिव बनाया गया। इसके अलावा ओमप्रकाश धत्तरवाल को मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर जाट समाज के वर्तमान अध्यक्ष सोहनलाल बिजारणियां और सचिव ओमप्रकाश धत्तरवाल ने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में समाज की भलाई के लिए कई योजनाओं पर काम किया गया और कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। नवनियुक्त अध्यक्ष रघुवीर ताखर ने समाज के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के हर वर्ग के लोगों की भलाई करना होगी और वह इस दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे।



## महिलाओं ने नवरात्रि के अवसर वस्त्र वितरण किए



हमारा समाचार

**बाड़ी।** अपना घर सेवा समिति की महिलाओं ने नवरात्रि के अवसर पर सामान्य चिकित्सालय बाड़ी में किया वस्त्र वितरण कार्यक्रम आज अपना घर सेवा समिति महिला इकाई ने नवरात्रि के अवसर पर अस्पताल में जाकर कन्याओं का एवं छोटे बच्चों का पूजन किया उन्हें वस्त्र, बिस्किट, फल वितरित किए, यह सब अपना घर आश्रम की संरक्षक श्रीमती कमलेश गर्ग एवं अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष ऊषा मित्तल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें अपना घर आश्रम की संरक्षक कमलेश गर्ग अपना घर महिला इकाई की की अध्यक्ष ऊषा मित्तल, कोषाध्यक्ष लता मंगल, सचिव नीलम मंगल, सूचना मंत्री रानी गर्ग, संजू गोयल, रूबी बंसल, ओमवती जिंदल, विद्या देवी जिंदल, वंदना गर्ग, निर्मला शिवहरे, एवं समस्त महिला इकाई की कार्यकारिणी उपस्थिति रही, रोशनी शिवहरे मीडिया प्रभारी ने दी कार्यक्रम की जानकारी।

## बदबू से परेशान आक्रोशित नागरिको ने किया पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

हमारा समाचार

**बाड़ी।** शहर के मुख्य बाजार में मोदी पाड़ा को जाने वाले रास्ते पर सफाई कर्मियों द्वारा डाले जाने वाले गंदगी और कूड़े से नागरिक परेशान है। नियमित सफाई नहीं होने और



कई-कई दिनों तक कूड़े के पड़ा रहने से फैलने वाली गंदगी और बदबू को लेकर मंगलवार को परेशान नागरिकों द्वारा पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। नागरिकों का आरोप है कि पालिका के सफाईकर्मी कई स्थानों की गंदगी को एकत्रित कर जबरन बाजार के कॉर्नर पर मोदी पाड़ा जाने वाले मुख्य रास्ते पर डाल देते हैं। जिससे रास्ता तो अवरुद्ध होता ही है साथ में पूरे बाजार में बदबू फैल जाती है। कई बार नगर पालिका की सफाई इंस्पेक्टर सहित ईओ को उक्त मामले से अवगत कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बाजार की दुकानदार घनश्याम दास मित्तल, विधिचंद्र अग्रवाल, सोनू, अमित, मनीष कुमार, दिनेश वर्मा, राधेश्याम वर्मा, पप्पू खान आदि ने बताया किया मुख्य बाजार में जीज और अन्य जगहों को जाने वाला मुख्य रास्ता है। यहीं पर गंदगी एवं कूड़ा पड़ा रहता है साथ में गली में जो पेशाब घर बने हुए हैं उनकी नियमित सफाई नहीं होती। ऐसे में बाजार में गंदगी के साथ बदबू फैलती है। जिसको लेकर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने उपखंड प्रशासन से उक्त मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## गणगौर मेले में निकली भव्य शोभायात्राः 31 झांकियां 16 बैंड और 6 डीजे के साथ हजारों लोगों ने लिया आनंद

हमारा समाचार

**धौलपुर।** मनियां कस्बे में सोमवार को ऐतिहासिक गणगौर मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेला कमेटी द्वारा आयोजित शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। थाने के सामने से हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गणगौर मेला हमारी संस्कृति की धरोहर है। यह मेला पुरानी संस्कृति को याद दिलाता है और लोगों में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। गणगौर मेला कमेटी अध्यक्ष रिंकू पोसवाल के अनुसार, शोभायात्रा में 31 झांकियां, 16 बैंड और 6 डीजे शामिल थे। यात्रा शाम 5 बजे थाने के पास से शुरू हुई। यह जीटी रोड, मांगरोल रोड, मेन बाजार, गांधी पार्क, नेहरू मार्ग और अंबेडकर पार्क होते हुए वापस थाने तक पहुंची। मेले में स्थानीय लोगों के अलावा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बैंड-बाजों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन महिलाएं गौरा-गौरी की पूजा करती हैं और व्रत रखती हैं। कार्यक्रम में सुमन जैन, राकेश कल्लू सेठ, पिंकी ठाकुर, कौशल पाराशर, शिवा तिवारी, राधे दीक्षित समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेला हर साल आमजन के सहयोग से आयोजित किया जाता है। मेले के दौरान थाना प्रभारी रामनरेश मीणा के साथ पुलिस बल ने विशेष भूमिका निभाई।

### मेले में जमकर हुई खरीदारी



कस्बे के गणगौर मेले में आसपास के क्षेत्रों से तथा गांव से आए महिला एवं बच्चों ने जमकर खरीदारी की। मेले में जहां खिलौनों की दुकान पर बच्चों की भीड़ लगी रही वहीं सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर महिलाओं को खरीदारी करते देखा गया। ऐसे में झूलों का भी युवतियों एवं छोटे बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। विशाल दंगल आज, लड्डुओं से शुरू होगी कुश्ती मनियां कस्बे में प्रतिवर्ष की भांति ग्राम पंचायत की ओर से हेतराम का अड्डा पर दोपहर 2 बजे से विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पहली कुश्ती लड्डुओं से शुरू होकर आखिरी कुश्ती 51 हजार रुपए की होगी। दंगल में करीब 190 कुश्तियां छोटे स्तर से बड़े स्तर की रखी गई हैं। दंगल में बाहरी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बैंगलोर, हरियाणा आदि से अपने दांव-पेच आजमाने के लिए पहलवान भाग लेगें। मैदान में दर्शक, प्रतियोगी एवं अतिथियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

## स्थानीय इकाई महाविद्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

### अनेक छात्र छात्राएं व संकाय सदस्य रहे उपस्थित



हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई एस. एन. के. पी. राजकीय महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शरुआत कर हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नवसंवत्सर का स्वागत किया गया एवम इस दिवस के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई महाविद्यालय के विद्याथीर्यों ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे । इस अवसर पर महाविद्यालय इकाई सचिव डॉ प्रदीप मिठारवाल, इकाई सह सचिव (महिला) सुश्री रश्मि खेदड़, इकाई सह सचिव डॉ अनिल शर्मा, इकाई अध्यक्ष डॉ अवधेश शर्मा अनिल, डॉ इन्द्राजमल यादव, डॉ लोकेश सोनी, डॉ हरिशकर यादव, डॉ प्रेमपाल यादव, डॉ भवानी मल, डॉ प्रवीण शर्मा, डॉ जुगल किशोर बाजिया, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संतोष कुमार वर्मा सहित अनेक छात्र-छात्रायें एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## किशोरपुरा में महान क्रांतिकारी कर्नल बैंसला की मनाई तृतीय पुण्यतिथि

### मूर्ति लगाने को लेकर भी किया विचार-विमर्श

हमारा समाचार

**गुढ़ागौड़जी।** किशोरपुरा के भैंरूजी मंदिर के पास महान क्रांतिकारी गुर्जर आरक्षण आंदोलन के जनक स्व. कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला की तृतीय पुण्यतिथि सर्व समाज के लोगों ने बड़ी धूमधाम से मनाई। इस दौरान कर्नल बैंसला के फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सरपंच मोहनलाल सैनी व पूर्व सरपंच शिंभूदयाल सैनी ने बैंसला को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुष की मूर्ति हर गांव में लगनी चाहिए। पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा, बजरंग पहलवान पौंख, राजेश खटाणा किशोरपुरा सहित कई वक्ताओं ने बताया कि हमारे समाज में कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला ने संघर्ष एवं शिक्षा की अलख जगाई है। जिससे हमारे समाज में धीरे-धीरे शिक्षा और नौकरियों का स्तर बढ़ रहा है। इस अवसर पर भक्त बुधराम भोपा, पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा, पूर्व सरपंच शिम्भूदयाल सैनी, सरपंच



मोहनलाल सैनी, बजरंग पहलवान पौंख, शंकर भोपा, शीशराम रावत, राजेश खटाणा, सुमेर गुर्जर, वार्ड पंच महेंद्र खटाणा, लीलाराम खटाणा, शीशराम खटाणा, मुकेश कुमावत, विक्रम दौराता, विकास सैनी, आनंद सिंघानिया, कैलाश खटाणा, विक्रम खटाणा, बंटी सैनी, सुनिल खटाणा, मुकेश धाबाई, जागेश्वर धाबाई, शीशराम खटाणा, मामराज खटाणा, कृष्ण सैन, भरत सैन, प्रताप बंजारा, सिंगर एसपी गुर्जर, मनोज सैनी, रोहन, दिनेश, संदीप कुमार सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## गर्मी में परिंदों के लिए पानी उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षक ने परिण्डे बांटने की शुरू की मुहिम

हमारा समाचार

**जालोर।** शारीरिक शिक्षक रूप सिंह राठौड़ ने 'परिण्डे लगाओ, पक्षी बचाओ' अभियान के तहत मंगलवार से परिण्डे लगाने का कार्य शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध कराना है, क्योंकि गर्मी में पानी के अभाव में बेजुबान पशु और पक्षी संकट में हैं। जिले में गर्मी का कहर जारी है और पक्षियों को उड़ान भरने के बाद भी दूर-दूर तक पानी नहीं मिल पा रहा है। इस संकट को देखते हुए बेजुबानों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए नया नारणावास के शारीरिक शिक्षक रूप सिंह राठौड़ द्वारा परिण्डे लगाओ पक्षी बचाओ अभियान चला कर पक्षियों के लिए परिंड़े लगाने का कार्य मंगलवार को आरम्भ किया गया । अभियान के दौरान 2 महीने तक विभिन्न गांवो में परिण्डे लगाए जायेगें । रूप सिंह राठौड़ नारणावास द्वारा निःशुल्क मिट्टी के परिंडे लोगो को उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं ताकि ग्रामीण अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगा सके जिससे गांवो में जगह जगह पक्षियों को पीने को नीर मिल सके।



### सीमेंट के कुंड भी बनवाएं

रूप सिंह राठौड़ ने 4 सीमेंट के स्थायी कुंड भी बनवाएं जिससे छोटे व मोर जैसे बड़े पक्षियों को पानी पीने को मिल सके। राठौड़ ने बताया कि छोटे पक्षी तो परिंडों में पानी पी सकते है लेकिन मोर जैसे बड़े पक्षी परिंडों पानी नही पी सकते है। मोर जैसे बड़े पक्षियों को पानी पीने को मिल सके इसके लिए नारणावास पंचायत क्षेत्र में सीमेंट के स्थायी कुंड बनवाएं गए जिसमे नियमित पानी भी भरा जा रहा है जहां हजारों पक्षी अपनी प्यास बुझा रहे है।

### मिट्टी के परिंडों में मिलेगा ठंडा पानी

रूप सिंह राठौड़ ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए एक अभियान चलाकर मिट्टी से बने परिण्डे लगाने का कार्य किया जाता हैं, ताकि पक्षी ठंडा पानी पी सके । इस बार भी 1000 परिण्डे लगाने का लक्ष्य रखा हैं । बड़ी संख्या में परिण्डे लगने के बाद जगह जगह भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने को ठंडा पानी मिलेगा जिससे गर्मी के मौसम में परिंदों को राहत मिलेगी।

## महिला शक्ति द्वारा पंकज राठौड़ के घर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

हमारा समाचार

**कुशलगढ़।** मंगल मिलाप के अंतर्गत हर मंगलवार शाम 7 बजे हर मंगलवार को अलग अलग मंदिरों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है।आज बांसवाड़ा रोड स्थित काला गोरा भैरव मंदिर ओर महिला शक्ति द्वारा पंकज राठौड़ के घर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है और इस दिन बजरंगबली की पूजा करने का विशेष महत्व माना जाता है। मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर देते हैं,



हनुमान चालीसा का पाठ करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। सही नियमों का पालन करके हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करना बेहद लाभकारी माना जाता है। हनुमान चालीसा को जल्दी फल देने वाला माना जाता है और इसका पाठ रोज करना चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान धर्म रक्षा में सबसे आगे रहने वाले हेमेंद्र पंड्या, विप्र फाउंडेशन संरक्षक हरेंद्र पाठक, अखंड सनातन मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह जाधव, पार्षद दिनेश परिहार, आशीष नीमा, कमलेश टेलर, अंबिका पाठक, तिलोत्तमा पंड्या ,पूर्व पार्षद जय कटारा ओर महिला शक्ति आदि कई भक्त जन उपस्थित रहे।

# गर्मी में आमजन बरतें एहतियात, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हमारा समाचार

**धौलपुर।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूवार्नुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करना तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाये। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा रेपिड रेस्पांस टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा।



### यह है लक्षण

शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ ?ा, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

### जरूरी है सावधानी

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते अहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थो जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे।

# मिशन सहभागिता : समृद्ध होंगे राजसमंद के विद्यालय, बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## राजकीय विद्यालयों के उन्नयन हेतु जिला प्रशासन का अभियान

### कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर दिए निर्देश



हमारा समाचार

**नाथद्वारा राजसमंद।** जिले के राजकीय विद्यालयों को अधिक सुविधायुक्त और समृद्ध बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना बनानी शुरू कर दी है। इस संबंध में मंगलवार सुबह जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नूतन प्रकाश जोशी सहित अन्य अधिकारियों के साथ अपने कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त सरकारी विद्यालयों की सूची तैयार की जाए और उसमें आवश्यक सुधार एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए। इनमें हैंडपंप, आरओ, वाटर फिल्टर, वाटर कूलर, बाउंड्री वाल, शौचालय, फर्नीचर और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का उल्लेख किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालयों की समस्याओं और आवश्यकताओं की वास्तविकता एवं प्राथमिकता को सुनिश्चित किया जाए, महज औपचारिकता न की जाए, ताकि सुधार कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सके। कलक्टर असावा ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी विद्यालय में सुविधाओं की कमी बच्चों की शिक्षा में बाधा न बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों की आवश्यकताओं को जिला प्रशासन के मिशन जनसहभागिता के तहत भामाशाहों के सहयोग एवं डीएमएफटी (जिला खनिज प्रतिष्ठान ट्रस्ट) के माध्यम से पूरा करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कलक्टर ने कहा कि विद्यालयों की बेहतरी के लिए प्रत्येक विद्यालय की भौतिक स्थिति का गहन अध्ययन किया जाए और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति की जाए। प्रशासन का लक्ष्य यह है कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं मिलें।कलक्टर असावा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों से संबंधित आवश्यक सुधारों का एक समग्र प्रस्ताव तैयार किया जाए और इसे 15 अप्रैल तक प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के उन्नयन एवं सुधार हेतु प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा और बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी।जिला प्रशासन की इस पहल से सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक माहौल मिलेगा। इस बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे विद्यालयों के उन्नयन हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

# पंचायत लोहारिया में घटिया सीसी सड़क की शिकायत करने पंचायत पहुंचे ग्रामीण

## कोई नहीं मिला तो सरपंच के घर जाकर सुनाई समस्या

हमारा समाचार

**गनोड़ा।** गढ़ी पंचायत समिति की लोहारिया ग्राम पंचायत में ग्रामीण ग्राम पंचायत के द्वारा बनाई गई घटिया सीसी सड़क से परेशान हो गए हैं। गांव के ग्रामीणों अपनी विभिन्न समस्याओं जिनमें घटिया सीसी

**गांव में गंदगी और घटिया निर्माण से परेशान थे ग्रामीण**

सड़क, गांव में नालियों की साफ सफाई नहीं होना तथा ग्रामीणों की समस्या ग्राम पंचायत द्वारा नहीं सुनने को लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां पर कोई नहीं मिला।इसके बाद ग्रामीण सरपंच मनीषा रेटूवा के घर पर गए। गांव के ग्रामीण जिनमे भाजपा नेता संजय टेलर, राहुल पंचाल, निलेश पंचाल, मुकेश पंचाल, दिलीप पंचाल, विशाल आमेटा, नितेश जैन आदि ने बताया कि सरपंच घर पर मौजूद नहीं थी तथा वह खेतों पर गई थी। इस पर उनके पति यशवंत को लिखित में गांव की समस्याओं के बारे में बताया।



### कुछ महीने पहले ही पंचायत ने बनाई है सड़क, अब कंक्रीट निकल आई

गांव के ग्रामीणों ने अपनी लिखित समस्या में बताया है कि कुछ महीने पहले ग्राम पंचायत ने वार्ड संख्या 11 में मुकेश पंचाल के मकान से विश्वकर्मा मंदिर की सीमा तक सीसी सड़क का निर्माण करवाया है लेकिन अब ग्राम पंचायत की देखरेख नहीं होने से इस सड़क पर मात्र रेत बिछाकर बना दी गई है जो वर्तमान में खराब हो चुकी है। घटिया सड़क बनाने के कारण आसपास मकान में रहने वाले लोगों को घर का दरवाजा खोलना व घर के बाहर बैठना मुश्किल हो गया है। इसका कारण यह है की घटिया सड़क है जिससे सड़क से वाहन आते जाते रहते हैं जिसके कारण कंक्रीट निकलने से मिट्टी उड़ उड़ कर मकान में आती है एवं मकान के अंदर तक मिट्टी जम जाती है। घटिया सड़क निर्माण के कारण आलम यह है कि लोग अपने घरों के बाहर भी नहीं बैठ सकते।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, देवकीनंदन गुर्जर का केक काटकर मनाया जन्मदिन



हमारा समाचार

**नाथद्वारा।** नगर में प्रभु श्रीनाथजी के साथ ब्रज से आए ब्रजवासी सेवा वाले समाज के गौरव, लोकप्रिय, कांग्रेस के पूर्व राजसमन्द जिलाध्यक्ष दिग्गज नेता समाजसेवी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर(काका साहब) का जन्मदिवस मानवधिकार सहयोग संघ ए डी सी ए राजसमन्द जिला अध्यक्ष कृष्णकांत सनाढय ग्वालजी, उपाध्यक्ष, श्रेणिक जैन, मनीष जी गुर्जर, विनोद बोहरा, जयंत सनाढ्य जागीरदार, जगदीश गुर्जर भगवान, अशोक गुर्जर , चेतन पुरोहित, मनीष त्रिपाठी,सहित कांग्रेसी कार्यकताओं , संघ ,संगठन मंच मोर्चा संस्थाओं प्रबुद्ध वर्ग बुद्धिजीवी वर्ष सहित सैकडो लोगों की मौजूदगी में एकलाई ओढ़ा कर फेटा बांध कर केक काट कर गुर्जर का जन्मदिवस मनाया गया इस अवसर पर श्रीनाथजी का प्रसाद खिलाकर मेवाड़ी साफा पहना कर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य गुर्जर ने समस्त कार्यकताओं को मुंह मीठा करवा कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने गनोड़ा अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



हमारा समाचार

**गनोड़ा।** गनोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा गनोड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष में अस्पताल में भर्ती मरीजों तथा असहाय लोगों को शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारी ने फल बांटकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मरीजों को फल वितरित करते समय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ अजय मेहता एवं स्टाफ भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा गनोड़ा के अध्यक्ष गोकुल नायक, उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा, भगवती शंकर व्यास, सुरेंद्र पांचाल, सुमित दर्जी, शैलेश व्यास, राम शंकर नायक, मोहनलाल, बीरबल नायक आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब कुशलगढ़ द्वारा टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर का शुभारंभ

## ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य प्रारंभ



हमारा समाचार

**कुशलगढ़।** रोटरी क्लब कुशलगढ़ द्वारा ग्रीष्मकाल में जनसेवा के उद्देश्य से टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। यह सेवा कार्य विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहगीरों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्किल इंस्पेक्टर रूपसिंह चारण एवं भामाशाह रमेश तलेसरा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर के उद्घाटन अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव यश खाब्या सहसचिव रौनक सेठ, कोषाध्यक्ष अंकित कावड़िया, क्लब एजी पथिक मेहता वरिष्ठ संरक्षक मनोहर लाल कावड़िया, मुकेश अग्रवाल, फखरुद्दीन कापड़िया एवं क्लब के सदस्य अर्पण कटारिया आशीष नाहटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।रोटरी क्लब कुशलगढ़ के इस सेवा कार्य की सभी अतिथियों ने सराहना की और इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। क्लब सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देंगे। रोटरी क्लब इस कार्य को 3 वर्षों से अधिक समय से नियमित हर वर्ष करता रहा है।

# जनता के सुख दुख में कांग्रेस साथ खड़ी रहे

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छोटी सरवन की बैठक संपन्न



हमारा समाचार

**बांसवाड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छोटी सरवन की बैठक मंगलवार को हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई बैठक मे विधानसभा प्रभारी सौरभ शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति बताते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में साथ में खड़े रहकर उनकी काम करवा कर एवं योजनाओं का लाभ दिलवाने से ही कांग्रेस मजबूत होगी .जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र पडया ने कार्यकारिणी में पद का महत्व बताते हुए बताया कि इससे परिवार , गांव और क्षेत्र में हमारी पहचान बनती है उन्होंने आगामी पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस को जिताने का आह्वान किया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित निनाम ने नरेगा श्रमिकों को चार पखवाड़ा से भुगतान नहीं होने की बात बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में लोगों के काम नहीं हो रहे हैं. जिला ब्लाक सोशल मीडिया प्रभारी भारत दोषी में बताया बैठक के पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विकास अधिकारी छोटी सरवन के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जिसमें 7 दिन में नरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होने पर विशाल आंदोलन करने की चेतावनी दी।

# दशलक्षण पर्व एवं अजितनाथ मोक्ष कल्याणक पर्व आज

हमारा समाचार

**बांसवाड़ा।** दिगंबर जैन दशा हूमड़ समाज के चैत्र मास के दशलक्षण पर्व आज 2 अप्रैल, पंचमी से प्रारंभ हो रहे हैं। फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के संस्थापक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत कोठिया ने बताया कि पर्व का प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म के रूप में मनाया जाएगा । दस दिवसीय इस आयोजन में वागड़ क्षेत्र में आर्यिका विज्ञान मति माताजी , पवित्र मति माताजी, आचार्य वर्धमान सागरजी, आचार्य सुनील सागरजी महाराज, मुनि श्री आज्ञासागरजीतथा मुनि श्री पुण्य सागरजी महाराज का मांगलिक सानिध्य उपलब्ध रहेगा। फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज द्वारा आज ही अपने सभी पांचों प्रोविंसेज के माध्यम से जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर भगवान अजित नाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक पर्व निर्वाण दिवस के रूप में मना उन्हें मुक्ति का प्रतीक निर्वाण लाडू अर्पित किया जायेगा। फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गांधी, महामंत्री महेन्द्र बंडी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चांपावत,राजस्थान प्रोविंस अध्यक्ष धनपाल जैन सरोदा, महामंत्री गोवर्धन लाल जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ निधि जैन, विजय जैन, अजीत कोठिया, रमेश भूता, प्रवीण जैन खेरवाड़ा, भरत कोरावत सहित सभी पदाधिकारियों ने समाज जनों को चैत्र मास के दश लक्षण पर्व एवं भगवान अजित नाथ मोक्ष कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं संप्रेषित की है।

# गर्मी में राहत पहुंचाने शीतल जल प्याऊ का भव्य शुभारंभ




हमारा समाचार

**कुशलगढ़।** हरी ॐ ग्रुप के सौजन्य से बिहारी मंदिर सुभाष मार्ग वार्ड नंबर 8 में शीतल जल प्याऊ का आज शुभारंभ किया गया। गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य कार्य है। समय रहते उठाया कदमङ्घङ्घ अप्रैल में ही दी प्याऊ की सौगात। भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने और शीतल पेयजल पिलाने के लिए हरी ॐ ग्रुप कुशलगढ़ने शीतल जल प्याऊ लगाई गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए कुशलगढ़ नगर में जगह-जगह शीतल जल प्याऊ लगाई गई हैं। शुभारंभ के दौरान दिलीप टेलर जितेंद्र राठौर सुनील जोशी चेतन बैरागी मुकेश पांचाल मुकेश लक्ष्कार राकेश भाटिया जगदीश पटेल भगवान सिंह राठौड़ मनोज सोनी रेखा जोशी सारिका टेलर चेतना सोनी बिना बैरागी संदीप टॉक राकेश बैरागी एवं सभी मोहल्ले वासी उपस्थित रहे। ये जानकारी दिलीप टेलर ने दी।

# वृहद मंडल बैठक की तैयारियां पूर्ण हुई

हमारा समाचार

**सज्जनगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सज्जनगढ़ की नवीन कार्यकारिणी सम्मान एवं वृहद मंडल बैठक आज 2 अप्रेल को उत्कृष महविद्यालय सज्जनगढ़ में प्रातः 10 बजे आयोजित होगी। मंडल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने बताया की मंडल सज्जनगढ़ की नवीन कार्यकारिणी का सम्मान एवं वृहद मंडल बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी, पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्र जीत सिंह मालविया, जिला प्रमुख रेशम मालविया, जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य



हकरू मईडा, पूर्व मंत्री धनसिंह रावत, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, जिला महामंत्री दीपसिंह वसुनिया, सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर, कुशलगढ़ प्रधान कानहेंग रावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रताप पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र नायक, वरिष्ठ नेता दिलीप पटेल सहित वरिष्ठ पदाधिकारियो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक के सफल आयोजन हेतु मंडल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया, महामंत्री मयूर कलाल, नरसिंह निनामा, उपाध्यक्ष लालचंद निनामा, कोषाध्यक्ष बहादुर गरासिया ने विभिन्न पंचायतों एवं बूथ में जाकर कार्यकर्ताओ से सम्पर्क किया एवं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावे।

# साफ सफाई करवाने को लेकर सरपंच प्रतिनिधित्व को ज्ञापन

हमारा समाचार

**सुंदनी।** ग्राम पंचायत लोहारिया भाजपा कार्यकताओं द्वारा गांव के रोड़ो को दुरस्त करवाने ओर गांव में साफ सफाई करवाने को ले कर सरपंच प्रतिनिधित्व को ज्ञापन दिया गया,लोहारिया गांव मे पंचायत द्वारा वार्ड 11 मे दो महीने पहले बने रोड की मिट्टी और कंक्रीट बार निकल गई है,जिससे गाड़ियों के आवागमन की वजह से जो धूल उड़ती है,इससे लोगों का घर के बार बैठना मुश्किल हो गया है,एक साल से गांव मे नालियों की साफ सफाई नहीं होने से दुर्गंध ओर मच्छर की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार के सामने 24 घंटे नाली का गंदा पानी जमा रहता है,जो बिछावाड़ा, भैरव डूंगरी,श्री क्षेत्रफल मंदिर जाने का मुख्य मार्ग है,जहां लोगों को गंदे पानी मे चल कर जाना पड़ता है,ओर कई बार वाहन आ जाने से लोगों के कपड़े के ऊपर गंदे पानी के छिटे भी उड़ जाते हैं,गांव की इन, सभी समस्याओं के लिए 6 महीने पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन दिया गया था,परंतु पंचायत द्वारा इसका निराकरण नहीं किया गया,एक बार पुन गांव के लोगो ने गांव की समस्याओ को लेकर पंचायत प्रतिनिधित्व को ज्ञापन दिया।जिसमें भाजपा युवा नेता संजय टेलर,राहुल पंचाल,नीलेश पंचाल,मुकेश पंचाल,दिलीप पंचाल,विशाल आमेटा,नितेश जैन आदि ग्रामीण मौजूद रहे। ये जानकारी संजय टेलर ने दी।

# तीन सूत्री मांग को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन



हमारा समाचार

**बांसवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी बांसवाड़ा में मंगलवार को जिले की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक अर्जुन सिंह बामनिया, पूर्व संसदीय सचिव और घाटोल के विधायक नाना लाल निनामा, कुशलगढ़ विधायक रमिला खड़िया, जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र पडया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार के नेतृत्व में जिला कलेक्टर हो गया ज्ञापन दिया। तीन सूत्री मांग पत्र में मनरेगा योजना में लोगों को रोजगार नहीं मिलने से लोगों की पलायन करने और स्वीकृत कार्य नहीं होने पुणे से श्रमिकों का नियोजन नहीं होने के साथ जिन मजदूरों ने कार्य किया उन्हें भुगतान नहीं होने और कार्य होने के बाद भी सामग्री मद की राशि का भुगतान नहीं होने की समस्या उठाई साथ ही माही विभाग की नहरो में जल प्रवाह 31 मार्च से बंद कर देने से कई क्षेत्रों में मक्का की फसल को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है इससे फसल खराब हो रही है का मुद्दा भी उठाते हुए 15 अप्रैल तक नहरों में पानी देने की मांग की गई. मांग पत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती की समस्या उठाते हुए बताया कि मात्र दो-तीन घंटे ही बिजली सिंगल फेस से दी जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चोरियां होने का डर है इन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए जिला सोशल मीडिया प्रभारी भारत दोसी ने बताया कि इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तेली, आशीष मेहता, देवबाला राठौर, पूर्व सभापति राजेश टेलर ,शाहरुख खान, अनिल जवेरी, मनोज श्रीमाल, मिलन चाहिल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने त्रिदिवसीय गणगौर महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर किया मेले का आगाज

## प्रथम दिन भजन संध्या दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या तीसरे दिन राष्ट्रीय स्तर के कवियों की मौजूदगी में कवि सम्मेलन के साथ होगा समापन

हमारा समाचार

**नाथद्वारा।** वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ नाथद्वारा नगर में गणगौर महोत्सव को लेकर तीन दिवसीय आयोजन के चलते प्रथम दिन चुंदड़ी गणगौर के अवसर पर नगर के रासला चौक से भव्य शोभा यात्रा के रूप में गणगौर की सवारी निकली जिसमें विभिन्न। देवों के स्वरूपों में जाकिया सजाई गई जिसमे हनुमानजी की झाकी खास चर्चा की बनी साथ ही इस अवसर पर हर की भाती इस वर्ष भी मंदिर में सुखपाल में ईश्वर, पार्वती के स्वरूपों के साथ श्रीनाथ बैंड की मधुर



धुन के गोविंद पलटन के जवानों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के गोविंद चोक मन्दिर परिक्रमा होते हुए इमली बाजार, बनास नदी के किनारे स्थित गणगौर घाट बाग में मेला लगा जहां पर लगी दुकानों झूला चकरी सहित दुकानों से मेलार्थियों ने आनंद उठाया है, इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा एक सो बीस फिट रोड पर स्थित पार्किंग स्थल में भजन संध्या का शुभारभ स्थानीय विधायक विश्वराज सिंह जी मेवाड़ ने फीता काट कर दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया गया , इस अवसर पर नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार जोशी, वीरेंद्र पुरोहित पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, चंद्र मोहन कौशिक , संकल्प जैन, मुख्य टाउन प्लानर ऋषभ जोशी प्रदीप कुमार काबरा मानवधिकार सहयोग संघ ए डी सी ए राजसमन्द जिला अध्यक्ष कृष्णकांत सनाढय ग्वालजी नगर के समाज सेवी विनोद बोहरा, जगदीश गुर्जर भगवान, सहित सैकडो की तादात में महिला पुरुषों मौजूद रहे, इस दौरान श्रोताओं की मौजूदगी कम रही, साथ विश्व राज सिंह मेवाड़ मौजूद रहे।

### जयपुर (पश्चिम) पुलिस का अपराधियों पर बड़ा एक्शन..

# राजधानी में 15 सालों से सक्रिय था 'रंगदारी गिरोह'.. बस चालकों से हर महीने करते थे लाखों की वसूली!

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजधानी में निजी बस चालकों से अवैध वसूली के करीब 15 साल से चल रहे खेल का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 45 हजार रुपए नकद और एक स्कॉर्पियो जब्त की है। जयपुर (पश्चिम) डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि डीएसटी प्रभारी को जयपुर में चौमूं पुलिया के पास बस चालकों से अवैध रूप से वसूली की जानकारी मिली थी। इस पर एक विशेष टीम बनाकर पुलिस ने गिरोह की गतिविधियों को स्पाई गैजेट्स में रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि इस गिरोह के बदमाश बस संचालकों से अवैध वसूली करते हैं और राशि नहीं देने पर बस पर अपने साथियों से पत्थर फिंकवाते हैं। इस गिरोह के बदमाश शिफ्ट में काम करते और हर महीने बस चालकों से 8-10 लाख रुपए की वसूली करते हैं। इस गिरोह का खुलासा करते हुए मकराना हाल निवारू रोड पर हनुमान नगर निवासी भगवान सिंह, थोई (नीमकाथाना) निवासी श्यामवीर सिंह, नींदड़ निवासी विक्रम सैन उर्फ विक्की उर्फ बोगी और जुराठढा (सीकर) निवासी हाल जोडला पावर हाउस निवासी दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है. जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि अवैध वसूली की जानकारी मिलने पर एसआई सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल सागर और नीरू पांडे की टीम का गठन किया गया। इस टीम ने 28 और 29 मार्च को चौमूं पुलिया व आसपास के स्थानों पर गोपनीय रूप से रैकी की। इस टीम ने स्पाई गैजेट्स की मदद से गिरोह के बदमाशों द्वारा की जा रही वसूली को रिकॉर्ड किया। जांच में सामने आया है कि गिरोह के बदमाश चौमूं पुलिया पर सवारियां लेने के लिए रुकने वाली निजी बसों से हर बार 50-100 रुपए की वसूली करते हैं। राशि नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं और रास्ते में जहां भी मौका मिलता है बस पर पथराव कर देते हैं।

## निजी बस चालकों से अवैध वसूली के रैकेट का पर्दाफाश

### रुपए देने से मना करने पर करवाते थे पथराव

### गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार; वसूली की रकम भी बरामद

### पुलिस ने 45360 रुपए जब्त किए




### इस गिरोह का खौफ इतना की कोई शिकायत तक नहीं करता था

डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि इस गिरोह के बदमाश करीब 15 साल से लगातार वसूली कर रहे हैं। ये रुपए नहीं देने पर बस पर चौमूं पुलिया से सामोद के बीच कहीं भी पथराव करवा देते हैं। उन्होंने बताया कि बसों पर कई बार पथराव की घटनाएं होती हैं। लेकिन बदमाशों के डर के कारण कोई भी बस चालक या संचालक पुलिस तक शिकायत नहीं देता है। इस गिरोह के बदमाश शिफ्ट में काम करते हैं। इन्होंने अवैध वसूली कर वाहन खरीदे और संपत्ति भी खरीदी, जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि मौके से पुलिस ने श्यामवीर सिंह और सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों से वसूली की रकम और स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके साथ विक्रम सैन और दिलीप सिंह शिफ्ट में काम करते हैं। ये वसूली की रकम भगवान सिंह चांडी और बिजेंद्र सिंह उर्फ बिजू सिंह खानपुरा (नागौर) के लिए काम करते हैं। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने विक्रम सैन और दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया। इनके पास से वसूली की रकम और एक स्कॉर्पियो जब्त की गई है। इस गिरोह से जुड़े अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में बड़ी संख्या में बदमाश शामिल हो सकते है और जयपुर के अलावा भी यह रैकेट अन्य स्थानों पर भी सक्रिय हो सकता है।

# नाइट्रोजन गैस का रिसाव, फैक्ट्री मालिक समेत तीन की मौत, 60 से ज्यादा घायल

हमारा समाचार

**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर में सोमवार की रात एक तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से अचानक नाइट्रोजन गैस का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। इस हादसे में फैक्ट्री के मालिक सुनील सिंघल (47) समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं 60 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिनका इलाज ब्यावर और अजमेर के सरकारी अस्पतालों में कराया जा रहा है। दरअसल, यह घटना ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में स्थित सुनील ट्रेडिंग कंपनी की है। जहां सोमवार रात करीब 10 बजे फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से अचानक नाइट्रोजन गैस का रिसाव होने लगा। धीरे-धीरे यह आसपास के रिहायशी इलाकों में फैलने लगा। जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और उल्टी होने लगी।





### फैक्ट्री मालिक की गई जान

जानकारी पाकर फैक्ट्री के मालिक सुनील सिंघल ने फैल रही गैस को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। आनन-फानन में उन्हें अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गैस का असर इतना व्यापक था कि कई पालतू और आवारा जानवरों की भी मौत हो गई। इस हादसे में काफी संख्या में लोग घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कई लोगों की हालत गंभीर

मंगलवार की सुबह भी दो अन्य पीड़ितों, नरेंद्र सोलंकी (40) और दयाराम (52) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बाबूलाल (54) और लक्ष्मी देवी (62) की हालत काफी गंभीर है। हालांकि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रात करीब 11 बजे तक गैस रिसाव पर काबू पाया गया।

### पुलिस जांच में जुटी

हादसे के बाद अजमेर के कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने फैक्ट्री को सील करने के आदेश दिए हैं। ब्यावर एसडीएम दिव्यांश सिंह ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इसमें नगर परिषद, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम सर्वे करेगी। पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल रिसाव की वजह क्या थी और क्या फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। इसकी जांच की जा रही है।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का सम्मेलन मिलन कार्यक्रम आयोजित

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा श्रीमाधोपुर द्वारा भारतीय नवसंवत्सर एवं समरसता दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीमाधोपुर में जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल खर्रा के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर प्रभुदयाल खर्रा ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि के ठीक नवे दिन भगवान श्रीराम का जन्म तथा आर्य समाज की स्थापना हुई थी यह दिन कल्प सृष्टि युगादि का प्रारंभिक दिन है। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री गोकुल जांगिड़, प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा, उपशाखा अध्यक्ष देशराज, मंत्री बंशीधर यादव, ओमप्रकाश तंवर, श्रीमती कौशल्या गढ़वाल, मनीष शर्मा , संदीप शर्मा, बाबूलाल यादव, महेंद्र सिंह, मनोहारी , ऋचा योगी, अनुसूया, भवानी सिंह, अनिल कुमार, ताराचंद वर्मा, बलबीर सिंह, तंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।



## पंचायत समिति सांगानेर की साधारण सभा बैठक संपन्न, विधायक वर्मा रहे उपस्थित



हमारा समाचार

**सांगानेर।** पंचायत समिति सांगानेर की साधारण सभा की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई एवं लंबित परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने विकास कार्यों में गति लाने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा और सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का समन्वय आवश्यक है। बैठक में ग्रामीण विकास, जल संसाधन, सडक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अपनी-अपनी पंचायतों से संबंधित मुद्दे रखे, जिनके समाधान के लिए विधायक ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सांगानेर पंचायत समिति प्रधान, विकास अधिकारी, सरपंचगण, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोपड़ा की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित, 85 यूनिट रक्त एकत्र

हमारा समाचार

**जयपुर।** ठीक दो वर्ष पूर्व एक अप्रेल को सडक हादसे के शिकार हुए स्व. विजय चोपड़ा की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 85 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। चोपड़ा पैराडाइज, गणतपुरा मानसरोवर में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस अवसर पर स्व. विजय के पिता प्रभु चोपड़ा ने बताया कि उनके इकलौते बेटे की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें चोपड़ा परिवार के सदस्यों के अलावा रिश्तेदारों और दोस्तों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कांग्रेस नेता अनिल चोपड़ा, कमल चौधरी, धर्म सिंह सिंघानिया, बीजेपी नेता प्रहलाद निठारवाल, वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश जैमिनी, रामगोपाल जाट समेत कई गणमान्य लोग रक्तदान करने में सक्रिय रूप से शामिल हुए। गौरतलब है कि ठीक दो साल पहले एक अप्रैल 2023 को जयपुर में कमला नेहरू नगर सडक दुर्घटना में विजय चोपड़ा का निधन हो गया था। स्व. विजय चोपड़ा प्रभु चोपड़ा की इकलौती संतान थे। इस रक्तदान शिविर को मेडिकल स्टाफ एसएमएस अस्पताल की ब्लड बैंक टीम द्वारा आयोजित किया गया।



## देश की सता में युवा शक्ति ही करवाएगी कांग्रेस की वापसी: करणवीर सिंह राजपुरा

### खातीपुरा मंडल (झोटवाड़ा ब्लॉक) कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



### साल 2025 में संगठन को मजबूती देने का लिया संकल्प

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निदेर्शानुसार विद्याधर नगर विधानसभा के प्रभारी हुसैन सुल्तानिया द्वारा खातीपुरा मंडल (झोटवाड़ा ब्लॉक) कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुई। उक्त बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र पाल सिंह जादौन, पीसीसी सदस्य मंजू शर्मा, प्रदेश सचिव महेंद्र खेड़ी, प्रदेश प्रवक्ता सुभदेश सिंह चोहान, दलीप सिंह भाटी, मण्डल अध्यक्ष हिम्मत सिंह खाचरियावास, जिला सचिव इमरान खान, श्याम गर्ग, विक्रम सिंह नांद, महेंद्र बागड़ी, लोकेंद्र सिंह नाथावत, गजेंद्र सिंह राठौड़, श्याम सिंह, विक्रम सिंह, किशन सिंह राठौड़, जितेंद्र महाजन, आशीष, अजय सिंह शेखावत, अभिन्दन सिंह शेखावत, जगदीश शोरी, राकेश लाटा, राजेश प्रजापत सहित खातीपुरा मंडल कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष करणवीर सिंह राजपुरा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ये वर्ष 2025 संगठन को मजबूती देने का वर्ष है। इस दौरान संगठन में सभी स्तर पर कार्यकताओं के सक्रिय भागीदारी के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कांग्रेस की रीति नीति को लेकर जनता के बीच जाएंगे, वार्ड व बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं को मजबूत करेंगे साथ युवा साथियों को पार्टी में शामिल करेंगे क्याकि युवा इस देश का भविष्य है और वो सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगा, देश- प्रदेश को मजबूती प्रदान करेगा ओर देश की सता में कांग्रेस की वापसी भी यही युवा पीढ़ी करायेगी। पर्यवेक्षक हुसैन सुलतानिया ने कार्यकर्ता से संवाद किया एवं संगठन की मजबूती पर बल देने का आह्वान किया।

## कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा में पूल कैंपस ड्राइव आयोजित

### कृषि स्नातकों को मिला रोजगार




हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा में मंगलवार को पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। यह आयोजन, एनसीसीएफ जयपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें बी.एससी. (कृषि) पास आउट छात्रों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में पूरे राज्य से आए हुए विभिन्न कृषि स्नातकों ने भाग लिया। ये चयनित छात्र राजस्थान में रबी की फसल (मुख्यतः गेहूं, चना और सरसों) की खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत मुख्यतया अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, हनुमानगढ़ ,श्रीगंगानगर और राज्य के अन्य जिलों में खरीद केंद्रों पर तैनात किया जाएगा। प्रारंभ में इनकी नियुक्ति तीन महीने के लिए होगी, जिसे आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह जी भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि स्नातकों के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. हरफूल सिंह ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए चयन होने वाले अभ्यर्थियों को अग्रिम शुभकामनाएँ दीं । एनसीसीएफ राजस्थान की राज्य प्रमुख मधु शर्मा ने भी कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया व भविष्य में भी इस प्रकार की चयन प्रक्रिया करते रहने का आश्वासन दिया व प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुबोध कुमार बिश्नोई भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. भारती शौकीन ने किया।

## 'हमारा समाचार' कार्यालय में पत्रकार विकास शर्मा का सम्मान

### पिंक सिटी प्रेस क्लब के नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष का साफा और माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत



हमारा समाचार

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर विजयी वरिष्ठ पत्रकार विकास शर्मा का जयपुर से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र हमारा समाचार कार्यालय में भावभीना स्वागत व सम्मान किया गया। वैशाली नगर स्थित हमारा समाचार कार्यालय में मंगलवार को पत्रकार विकास शर्मा को समाचार पत्र के संपादक रामनिवास मंडोलिया ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुजफ्फर अली, संदीप देशपाण्डे, कमल देगडा, दिव्या शेखावत, झाबर सिंह धायल, सुमन जाखड, मनीष गोदारा, राजकुमार सैनी, धीरज सैनी, नंदलाल शर्मा सहित कार्यालय के सभी सदस्यों ने विकास शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पत्रकार विकास शर्मा ने हमारा समाचार के संपादक व पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

## तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने किया अभिनंदन

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ के कार्यालय पर अजीतगढ़ नायब तहसीलदार झुंडाराम कुड़ी का सोसायटी ने तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष में एक सादा समारोह आयोजित कर नागरिक अभिनंदन किया। पदोन्नत अधिकारी कूडी को राजस्थानी लोक परम्परा के अनुसार साफा बंधवाकर , पुष्पाहार पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। समारोह में सोसायटी के जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा ने कहा कि प्रतिभा अपना प्रभाव छोड़ती है और योग्यता उचित सम्मान दिलवाती है, परंतु व्यक्तित्व भी अपनी पहचान अवश्य बनाता है। उप संरक्षक सदस्य विजय यादव ने कहा कि सम्मान अधिकारी की कार्य शैली को इंगित करता है। इस अवसर पर तहसील प्रभारी कपिल मीणा, क्षेत्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ गौरी, जगदीश कुमावत, प्रदीप सोनी, धर्मा सैंन, सुरेन्द्र, सुभाष, गिरदावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## 2.19 लाख किसानों को राहत, लोन की पेनल्टी बचाई: लोन पर नहीं देनी पड़ेगी पेनल्टी; भुगतान के लिए 30 जून तक का समय दिया

हमारा समाचार

**जयपुर।** राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए साल 2024 खरीफ फसल के लोन को वापस चुकाने की समय-सीमा में बढ़ोतरी की है। किसान अब इस अल्पकालीन ब्याज मुक्त लोन को 30 जून या लोन लेने की अवधि 12 माह पूरे होने तक जमा करवा सकेंगे। सरकार के इस निर्णय से 2.19 लाख से अधिक किसान को फायदा होगा, जिन पर लोन नहीं चुकाने के कारण 2 फीसदी की दर से पेनल्टी लग रही थी। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया- वित्त विभाग से स्वीकृति मिल गई है। केन्द्रीय सहकारी बैंकों के जरिए से खरीफ-2024 में लोन लेने वाले किसान अब इस साल 30 जून या लोन लेने की तारीख से 12 माह जो भी पहले हो लोन राशि चुका सकेंगे। इससे पहले किसानों को ये लोन चुकाने के लिए आखिरी समय 31 मार्च रखा गया था, जिसे अब बढ़ा दिया है। सरकार ने किसानों की मांग को देखते हुए ये निर्णय किया। मंत्री ने बताया- 31 मार्च तक प्रदेशभर के करीब 2.19 लाख किसान ऐसे थे, जो लोन चुका नहीं पाए थे और इन पर पेनल्टी लग रही थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, स्थानीय-संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।